

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 24 फरवरी 2024 ■ माघ शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-326 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## अन्नदाताओं को बनाएंगे ऊर्जादाता : मोदी

» पीएम ने छग को दी करोड़ों की सौगात




**रायपुर,24 फरवरी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ को कई बड़ी सौगातें दी. उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ संकल्प यात्रा की शुरुआत की. साथ ही 34,427 करोड़ के 10 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, लगभग 35 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है. छत्तीसगढ़ में अब और नौकरी के रास्ते खुलेंगे. आज एनटीपीसी के 1600 मेगावोल्ट पावर प्लांट को राष्ट्र को समर्पित किया है. इस प्लांट से देशवासियों को बिजली उपलब्ध हो पाएगी. कांग्रेस पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से आगे सोच नहीं पाती, वो सिर्फ अपने परिवार के किए काम करते हैं. वो आपके परिवार के बारे में कभी नहीं सोच सकते. मोदी ने कहा, हम छत्तीसगढ़ को सौर ऊर्जा का बहुत बड़ा केंद्र बनाना चाहते हैं. बिजली बेचकर कमाई का साधन देना चाहते हैं. 1 करोड़ परिवारों के लिए पीएम मुफ्त बिजली योजना शुरू की है. घर की छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के किए सरकार मदद देगी. इससे 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी. ज्यादा बिजली पैदा होगी उसे सरकार खरीदेगी. सरकार हमारे अन्नदाता को ऊर्जा दाता भी बनाएगी. बंजर जमीन पर छोटे-छोटे प्लांट लगाने के लिए सरकार मदद दे रही है. मोदी ने कहा, डबल इंजन की सरकार अपनी गारंटी को पूरा कर रही है. लोगों को 2 वर्ष का बकाया बोनस दिया जा चुका है. पीएससी परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर आदेश दे दिया गया है. बीजेपी जो कहती है वो कहकर दिखाती है. मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी है. विकसित होने के किए जो कुछ चाहिए वो पहले था वो आज भी है. आजादी के बाद जिन्होंने लंबे समय तक शासन किया है वो 5 साल के सफर को सोचकर काम करती रही. उनके मन में सरकार बनाना काम था. देश को आगे बढ़ाना उनके एजेंडे में नहीं था. दशा और दिशा यही है.

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस परिवारवाद, भ्रष्टाचार से आगे सोच नहीं पाती, वो सिर्फ अपने परिवार के किए काम करते हैं. वो आपके परिवार के बारे में कभी नहीं सोच सकते. वो आपके बच्चे का भविष्य नहीं बना सकते. आज विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की बात कर रहा हूं. 2014 में मोदी ने गारंटी दी थी. सरकार ऐसी होगी कि पूरी दुनिया में सिर गर्व से ऊपर होगा. गारंटी देकर मैंने अपने आप को खपा दिया. गरीबों को लुटने वालों को गरीबों का पैसा लौटाना पड़ेगा. गरीबों का पैसा लूटने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी. कांग्रेस के पीएम ने अपने सरकार के किए कहा था, दिल्ली से एक रुपया भेजते हैं जो गांवों तक जाते-जाते 15 पैसा पहुंचता है. 85 पैसा रास्ते में गायब हो जाता है. अगर आज यही स्थिति होती तो कल्पना करते क्या स्थिति होती.

मोदी ने कहा, नई रेल लाइन बन रही है. यह बीजेपी के शासन का नतीजा है. ऐसी ही कामों से विकसित छत्तीसगढ़ का सपना पूरा होगा. भारत को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता. आने वाले 5 वर्षों में भारत 3 बड़ी अर्थव्यवस्था में ताकतवर बनेगा. रायपुर के ÷बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर÷ में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद भी किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय थे. अध्यक्षता पर्यटन व संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने की.

### सीएम ने पीएम के प्रति जताया आभार

रायपुर,24 फरवरी। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप छत्तीसगढ़ को 34 हजार 427 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं का सौगात दे रहे हैं। आपका स्नेह और अनुग्रह हमेशा हमारे ऊपर रहता है। छत्तीसगढ़ की जनता ने आपकी गारंटी पर भरोसा किय। आपकी गारंटी के सारे कामों को पूरा करने के लिए हम अग्रसर हुए हैं। 18 लाख से अधिक आवास स्वीकृत हुए हैं। 3716 करोड़ रुपए की दो साल की बोनस राशि किसानों को दी है। साथ ही 3100 रुपए धान की कीमत देने का वायदा था इसे पूरा किया। विवाहित महिलाओं को साल का बारह हजार रुपए देने का वायदा पूरा करने का निर्णय भी हमने लिया है। विकसित भारत में हम विकसित छत्तीसगढ़ बनाने हम तत्पर हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा आरंभ हुई। इसमें प्रदेश के बड़ी संख्या में लोग आये। हमारे छत्तीसगढ़ में जो पांच विशेष पिछड़ी जनजाति हैं इनके लिए 15 हजार आवास स्वीकृत हुए हैं। इनके बसाहट के लिए आवागमन की सुविधा हो, इसके लिए सड़कों स्वीकृति हुई है। इस योजना में पीवीजीटी लोगों के 366 बसाहटों में रोड पहुंचेगा।

### मोदी ने किया सोलर प्लांट का उद्घाटन

**भिलाई,24 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विकसित भारत कार्यक्रम को संबोधित किया।साथ ही 34,400 करोड़ रुपयों से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान, पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में 280 करोड़ रूपए की लागत से सोलर पॉवर प्लांट का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुऐ

वीओ 1 दुर्ग के चरौदा में स्थित यह सोलर प्लांट से 104.7 मिलियन यूनिट प्रति वर्ष सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा।रेलवे की खाली जमीन पर नवीन ऊर्जा प्लांट स्थापित किया गया है। आज इसके उद्घाटन अवसर पर राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय दुर्ग रेंज के आईजी कलेक्टर एसपी और रेल्वे के अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।आपको बता दे की, भिलाई में 280 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित रेलवे सोलर पावर प्लांट की क्षमता 50 मेगावाट है । इस सोलर पावर प्लांट के माध्यम से सौर ऊर्जा द्वारा रेल गाड़ियों का परिचालन, ग्रीन इनर्जी क्लीन इनर्जी के संकल्पना का विकास, कार्बन डायऑक्साइड के उत्सर्जन में प्रति वर्ष 86000 टन की* कमी तथा जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे से निपटने में यह सोलर पावर प्लांट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा यह सोलर पावर प्लांट भारतीय रेल की ऊर्जा आवश्यकता की आपूर्ति के साथ-साथ राजस्व की भी बचत करेगा.




## संक्षेप

### मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**रायपुर,24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ और हमले की वारदातें इन दिनों बढ़ गई हैं। सुकमा के बुर्कालंका इलाके में डीआरजी जवानों के साथ नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें एक नक्सली मारा गया है और सर्च ऑपरेशन चल रहा है। एसपी किरण चौहान ने बताया कि बुरकलांका इलाके में डीआरजी जवानों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया है। मारे गए नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है। नक्सलियों के साथ पुलिस टीम की आज सुबह शनिवार को सुकमा जिले के बुर्कालंका में मुठभेड़ हो गई। इस गोलीबारी में जहां एक नक्सली के शव के साथ हथियार भी बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्चिंग अभियान किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि शुक्रवार की रात जवानों की एक टीम सर्चिंग के लिए निकली हुई थी। शनिवार की सुबह सुकमा के बुर्कलंका इलाके में डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। करीब 20 मिनट तक चली मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है। बस्तर संभाग में पुलिस द्वारा लगातार नक्सलियों के खिलाफ सर्च आपरेशन चला रहे है। मुठभेड़ के बाद बुर्कलंका इलाके में सर्चिंग की जा रही है। वही ऐसा अनुमान भी लगाया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में और कई नक्सली भी घायल भी हुए है।

### राजिम इलाके की शराब दुकानें 14 दिनों तक बंद रहेंगी

**राजिम.** राजिम कुंभ कल्प मेला के चलते राजिम समेत नवापारा और मगरलोड की शराब दुकानें 14 दिनों तक बंद रहेंगी. इसका आदेश राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है. जारी आदेश में कहा गया है कि राजिम सहित रायपुर जिले के नवापारा व धमतरी जिले के मगरलोड की शराब दुकान को 24 फरवरी से 08 मार्च महाशिवरात्री तक बंद रखा जाएगा.

### स्टेट जीएसटी ने जिम संचालक के ठिकानों पर मारा छापा

**रायपुर,24 फरवरी।** पैसे के लेनदेन सहित अन्य मामले पर जांच जारी स्टेट जीएसटी की टीम ने देर रात राजधानी के जिम संचालक के यहां छापा मार करवाई की है। स्टेट जीएसटी की टीम 5 ठिकानों पर जांच कर रही है। स्टेशन रोड, छोटा पारा, शंकर नगर में अलग टीम जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार यह रेड महादेव एप से जुड़ी मानी जा रही है। जिम संचालक से स्टेट जीएसटी के अधिकारी पुछताछ कर रहे हैं। सूचना है की उसके घर में भी रेड चल रही है। पैसे के लेनदेन सहित अन्य मामले की जांच की जा रही है। इस जिम चेन में दो पूर्व विधायकों के निवेश की भी जानकारी मिली है। दोनों ही विधायक रायपुर के रहे हैं।

### नदी में डूबकर मासूम की मौत

**गरियाबंद,24 फरवरी।** अपने दोस्तों के साथ नदी में स्नान करने गए 11 वर्षीय चंद्रेश देवांगन की नदी में डूबने से मौत हो गई. हादसे के बाद बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित किया, हादसे के बाद परिजनों में शोक की लहर है.

### जितनी मर्जी हो, उतने कानून बना लो; मुस्लिम सिर्फ शरीयत मानेंगे:हसन

**नई दिल्ली,24 फरवरी।** समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन ने असम सरकार द्वारा मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम को रद्द करने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि उनकी चाहे जितनी मर्जी हो, उतने कानून बना लेने दो लेकिन मुसलमान सिर्फ शरीयत और कुरान ही मानेंगे। सपा सांसद ने कहा कि सारे टारगेट केवल मुस्लिम हैं। हसन ने कहा, इस बात को इतना हाइलाइट करने की जरूरत नहीं है। मुसलमान शरीयत और कुरान का ही पालन करेंगे। वे (सरकार) जितने चाहें उतने अधिनियमों का मसौदा तैयार कर सकते हैं...

## आज से राजिम कुंभ कल्प

### धीरेन्द्र शास्त्री, प्रदीप मिश्रा सहित देश भर से पहुंचेंगे संत-साधु

**राजिम,24 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजिम कुंभ कल्प का शुभारंभ आज शाम से हो जाएगा जो महाशिवरात्रि 8 मार्च तक चलेगा। कुंभ में देशभर से हजारों की संख्या में साधु संत, लाखों की संख्या में देश और विदेश से लोग पहुंचेंगे और आस्था की डुबकी लगाएंगे। बता दें कि 2005 में भाजपा शासन काल में राजिम कुंभ शुरू हुआ था। जो 2018 में सरकार बदली तो नाम भी बदल गया। राजिम कुम्भ कल्प से कांग्रेस शासन में नाम राजिम माघी पुन्नी मेला रखा गया।

5 साल बाद फिर सत्ता में भाजपा आई तो फिर नाम राजिम कुम्भ कल्प रखा गया। राजिम कुंभ कई मायनों में बेहद खास है। सरकार द्वारा आयोजित इस कुंभ कल्प में देश भर से जहां लोग पहुंचते हैं तो वहीं विदेश से भी बड़ी संख्या में पर्यटक इस भव्य आयोजन में शामिल होते हैं। इस बार देश के कोने-कोने से आने वाले हजारों साधु संत, शंकराचार्य, महामंडलेश्वर और नागा साधु कुंभ की शोभा बढ़ाएंगे। इनके रहने की व्यवस्था सरकार करती है। इसके अलावा पहली बार पंडित प्रदीप मिश्रा, बागेश्वर धाम से धीरेंद्र शास्त्री भी कुंभ में शामिल होंगे। त्रिवेणी संगम में तीन महत्तपूर्ण स्नान की मान्यता है। पहला माघ पुन्नी स्नान, इसमें श्रद्धालु सुबह 3 बजे से स्नान करने पहुंच जाते हैं। दूसरा 4 मार्च को जानकी जयंती पर स्नान और तीसरा 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर शाही स्नान होता ह

3 मार्च से 8 मार्च तक संत समागम का आयोजन होता है, जहां देशभर से आए साधु संत, महामंडलेश्वर , शंकराचार्य मुख्य उद्बोधन करते हैं जिसे सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। कुंभ मेले में इस बार 30 लाख से भी ज्यादा लोग आने का अनुमान है। त्रिवेणी संगम में भव्य मुख्य मंच बनाया जा रहा हैं जो 15 दिनों तक आकर्षण का केंद्र होगा। इस मंच में जनप्रतिनिधि अपनी बात रखेंगे। प्रदेश और देश के कई बड़े कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। त्रिवेणी संगम में 15 दिनों तक महानदी आरती के लिए घाट तैयार किया गया है। मेला स्थल में पार्किंग व्यवस्था, पेजयजल, चौड़ी सड़क और तीन महत्वपूर्ण स्नान के लिए विशेष कुंड बनाया जा रहा है। राजीव लोचन मंदिर से लेकर कुलेश्वर महादेव मंदिर और पूरे राजिम शहर को सजाया जा रहा है। 24 फरवरी से इस ऐतिहासिक राजिम कुंभ कल्प का शानदार आगाज होगा।



## छत्तीसगढ़ के 20 हजार लोग हर साल अयोध्या में करेंगे रामलला के दर्शन

**रायपुर,24 फरवरी■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार बड़ी तेजी से मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। इसी कड़ी छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या में प्रभु श्री राम लला के दर्शन कराने के लिए शुक्रवार को पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के दिशा निर्देश में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और IRCTC ने एमओयू साइन किया गया। पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक जितेंद्र शुक्ला, और IRCTC के उप महाप्रबंधक सुभाष चंद्र ने MOU साईन किया। अग्रवाल ने बताया कि, इस एमओयू के तहत छत्तीसगढ़ से प्रत्येक सप्ताह एक 12 कोच वाली विशेष दर्शन ट्रेन छत्तीसगढ़ से अयोध्या के बीच दौड़ेगी। इस ट्रेन में एक बार में करीब 850 श्रद्धालु राम लला के दर्शन करके वापस आयेंगे। इसके साथ ही ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। यह एमओयू 3 साल के लिए साइन किया गया है जिसे 2 साल बढ़ाया भी जा सकता है। इसके तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाना वहां रहना दर्शन करना साथ में नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। अग्रवाल ने बताया कि आज एमओयू साइन होने के बाद 5 मार्च से ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि आज के सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश दे दिए गए हैं कि हितग्राहियों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त कर उनकी जांच करें और जिलेवार निर्धारित कोटे के अनुसार यात्रियों की सूची तैयार करें। सूची आईआरसीटीसी और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नोडल एजेंसी को भेजी जाएगी इतना ही नहीं प्रत्येक जिले से 40 यात्रियों पर एक अनुरक्षक भी भेजा जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की जन्मभूमि है और प्रभु श्री राम हमारे भांजे हैं इसलिए हर छत्तीसगढ़ वास अयोध्या में प्रभु श्री राम के दर्शन करने के लिए जाना चाहता है। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में अयोध्या के साथ-साथ इस ट्रेन के माध्यम से काशी में भगवान विश्वनाथ के दर्शन और प्रयागराज में तीर्थ स्थान की व्यवस्था भी कराई जाएगी। छत्तीसगढ़ से हर साल 20,000 से ज्यादा लोगों को अयोध्या में प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए भेजा जाएगा। फिलहाल यह विशेष यात्री ट्रेन रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ से चलाई जाएगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक सुशांत शुक्ला, गोमती साय, डोमेनलाल कोरसेवाडा, पूर्व विधायक कृष्ण कुमार बंधी के साथ ही छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के उप महाप्रबंधक श्रीरंग पाठक, आईआरसीटीसी के एजीएम कौशिक बनर्जी,चीफ सुपरवाइजर भानु प्रकाश, एग्जीक्यूटिव राजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

## पत्नी के नाम खरीदी प्रॉपर्टी पर परिवार का भी हक : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली,24 फरवरी।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पारिवारिक संपत्ति विवाद में एक अहम फैसला सुनाया है और कहा है कि अगर किसी शख्स ने अपनी पत्नी के नाम पर कोई संपत्ति खरीदी है और रजिस्ट्री करवाई है, तो उसमें उसके परिजनों का भी हिस्सा होगा। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है कि परिजनों का उस संपत्ति पर तभी अधिकार नहीं माना जाएगा, जब यह साबित होगा कि महिला ने अपनी कमाई से वह संपत्ति खरीदी है लेकिन अगर महिला गृहिणी है और उसके नाम पर कोई संपत्ति खरीदी गई है तो उस पर परिवार के बाकी सदस्यों का भी अधिकार होगा। एक मृत पिता की संपत्ति में अधिकार की मांग करने वाले एक बेटे की याचिका की सुनवाई करते हुए जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल ने कहा कि याचिकाकर्ता के पिता द्वारा खरीदी गई संपत्ति को पारिवारिक संपत्ति माना जाएगा क्योंकि सामान्यतः एक हिंदू पति परिवार के लाभ के लिए अपनी पत्नी के नाम पर संपत्ति खरीदता है। कोर्ट ने कहा, जब तक यह साबित न हो जाए कि संपत्ति पत्नी द्वारा अर्जित आय की रकम से खरीदी गई थी, इसे पति द्वारा अपनी आय से खरीदी गई संपत्ति माना जाएगा और इस पर परिवार का भी अधिकार होगा। टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, याचिका के अपीलकर्ता सौरभ गुप्ता ने एक सिविल मुकदमा दायर कर अपने पिता द्वारा खरीदी गई संपत्ति में एक चौथाई हिस्से की मांग की थी और कोर्ट से उस संपत्ति में सह-हिस्सेदार घोषित करने की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि संपत्ति उनके मृत पिता द्वारा खरीदी गई थी, इसलिए अपनी मां के साथ वह भी उस संपत्ति में सह-हिस्सेदार हैं। सौरभ गुप्ता की मां इस मुकदमे में प्रतिवादी थी।

### छत्तीसगढ़ खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए व्यायाम शिक्षकों की भर्ती स्वागतेय कदम

jasclaudius@gmail.com

## शिक्षा मंत्री का निर्णय साबित होगा मील का पत्थर

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


एक अच्छा खिलाड़ी यू ही तैयार नहीं होता है या फिर कोई भी बन नहीं जाता है। इसके लिए व्यक्ति विशेष में खेल के प्रति लगाव के अलावा मानसिक व शारीरिक मजबूती जरूरी होती है। छत्तीसगढ़ राज्य का गठन 1 नवम्बर 2000 को हुआ। इसके साथ ही उदयीमान खिलाड़ियों में तथा जो खिलाड़ी खेल को अपना कैरियर बनाना चाहते थे उनमें आशा की किरण जगी, उन्होंने सोचा चलो अब हम अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और हमें हमारे परिवार, समाज, राज्य व देश का नाम रौशन करने का सुअवसर मिलेगा। इस तरह हमारे प्रदेश के बच्चे, किशोर, युवा सभी ने पिछले 23 वर्षों के दौर को बड़ी उम्मीद से जिया। सफलता या असफलता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रदेश के प्रतिभागियों ने अनेक खेलों की कई स्पर्धाओं में भाग लिया और दमखम के साथ पदक हासिल करने का प्रयास किया इसमें कोई खास कमाल नहीं हुआ। अब जबकि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण को 23 वर्ष हो चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर हमारे खिलाड़ियों ने हाकी, बैडमिंटन, भारोत्तोलन, फुटबाल, तीरंदाजी, टेनिस, बास्केटबाल, व्हालीबाल, तैराकी, हैंडबाल, मार्शल आर्ट, कुश्ती, एथलेटिक्स, क्रिकेट, नेटबाल, शतरंज आदि कुछ खेल हैं जिनमें प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। यकीन मानिए छत्तीसगढ़ में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। बस जरूरी है उनकी सही देखरेख की। इसके लिए खेल विभाग में ऐसे अधिकारियों की आवश्यकता है जो कि खेल के क्षेत्र की प्रतिभागियों की जीत-हार की ईमानदारी से समीक्षा कर सके। खेलकूद के क्षेत्र में पदक प्राप्त करने के लिए सबसे पहले संबंधित खेल के प्रशिक्षकों तथा खेल संबंधी जानकारी रखने वाले शिक्षकों की आवश्यकता है। हमारे प्रदेश में पिछले 23 वर्षों में व्यायाम शिक्षकों, खेल में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। हमारे प्रदेश में विभिन्न खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है लेकिन उन्हें दिशा देने वाले, उनकी कमियों को दूर करने वाले प्रशिक्षक नहीं है। 2023 से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार सत्ता में आई है। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रीमण्डल के साथी बृजमोहन अग्रवाल जैसे सुलझे हुए व्यक्तित्व के राजनेता को शालेय तथा उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। छात्र नेता से राजनीति में कदम रखने वाले बृजमोहन अग्रवाल जैसे जागरूक जनप्रतिनिधि ने खेल के क्षेत्र में उपलब्धि का अध्ययन किया है। वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि हमारे प्रदेश में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए शालेय व महाविद्यालय स्तर पर खेल शिक्षकों की भर्ती जरूरी है। छात्र-छात्राओं को सही खेल दिशा में ले जाने के लिए उनका विशेष महत्व है। बृजमोहन अग्रवाल का यह निर्णय छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। हमारे राज्य में अनेक बेरोजगार खेल शिक्षक, खेलों के प्रशिक्षक मौजूद हैं उन्हें रोजगार तो मिलेगा ही वे प्रदेश के खेल परिदृश्य को बदलने में कामयाब होंगे। सौ बात की एक बात अच्छे खिलाड़ी बनने के लिए अच्छे प्रशिक्षक की जरूरत होती है। छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री की इस घोषणा से प्रदेश में खेल से जुड़े समस्त लोगों के लिए उत्साह का संचार हुआ है। विशेषकर ऐसे विद्यार्थी या बच्चे, किशोर, युवा जो या जिनके अभिभावक खेलों में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं उनके लिए आने वाला समय उज्जवल होगा। छत्तीसगढ़ सरकार के इस निर्णय से प्रदेश का नाम खेल के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचेगा इसमें कोई दो मत नहीं।



## दुकान में सो रहे बुजुर्ग की हत्या

**तिल्दा,24 फरवरी।** खरोरा के पास ग्राम कनकी निवासी दुलार वर्मा (उम्र 55 साल) की अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी। उसकी लाश उसके ही दुकान में मिली। सूचना के बाद खरोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है। जानकारी अनुसार, बुजुर्ग दुलार वर्मा कनकी मे पान दुकान चलाता है। इसी पान दुकान के पीछे खेती भी करता है। बताया जा रहा है कि रात 8 बजे खाना खाकर वह अपनी दुकान पहुंचा और कुछ समय बाद सो गया। वहीं सुबह उसका बेटा विकास वर्मा जब दुकान पहुंचा तो पिता को मृत अवस्था में पाया। बेटे विकास ने बताया कि जब वह शुक्रवार की सुबह दुकान पहुंचा तो देखा कि उसके पिता के सिर पर कई वार किए गए हैं और उनकी मौत हो चुकी है। इसके बाद उसने इसकी सूचना सरपंच पति तोमलाल वर्मा और फिर खरोरा थाने मे दी। सूचना के बाद खरोरा थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम, फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचे। शव पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने बताया कि हत्या की सूचना मिलने पर वह कनकी पहुंचे और प्रथम दृष्ट्या यह प्रतीत हो रहा है कि दो से अधिक लोगों ने हत्या की होगी। वहीं बोल्डर (पत्थर) व पम्प (साइकिल मे जिससे हवा भरा जाता है) उससे उसे मारा गया है जिससे उसकी मृत्यु हुई है। फिलहाल जांच जारी है, जल्द आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा। वहीं गांववालों के मुताबिक दुलार वर्मा थोड़ा आक्रमक स्वाभाव का था। इसके कारण आए दिन उसकी किसी न किसी से बहस होती रहती थी। इसके विकास वर्मा और कुलेश्वर वर्मा दो बेटे हैं।




सत्यमेव जयते
छत्तीसगढ़ शासन
विकसित भारत
विकसित छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 34,400 करोड़ रुपए की
10 परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण एवं शिलान्यास
दिनांक 24 फरवरी 2024, दोपहर 12:30 बजे
(डीडी न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण)
लोकार्पण एवं उद्घाटन
15,799 करोड़ रुपए की परियोजना लारा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्टेज-1 (2x800MW)
907 करोड़ रुपए की लागत से राजनांदगांव जिले के 9 गांवों के 451 एकड़ क्षेत्र में निर्मित 100 मेगावाट एसी/155 मेगावाट डीसी सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट
583 करोड़ रुपए लागत की 2 परियोजनाओं भिलाई में 50 मेगावाट सोलर पावर प्लांट और बिलासपुर- उसलापुर फ्लाईओवर
रायगढ़ क्षेत्र में 217 करोड़ रुपए की लागत के ओपन कास्ट प्रोजेक्ट अंतर्गत बरौद कोल हैंडलिंग प्लांट
दीपका क्षेत्र में 211 करोड़ रुपए की लागत की ओपन कास्ट प्रोजेक्ट अंतर्गत दीपका कोल हैंडलिंग प्लांट
रायगढ़ क्षेत्र में 173 करोड़ रुपए की ओपन कास्ट प्रोजेक्ट अंतर्गत छाल कोल हैंडलिंग प्लांट
अंबिकापुर से शिवनगर तक 52 किलोमीटर लंबाई की सड़क और बनारी से मसनियाकला तक 56 किलोमीटर लंबी सड़क (राष्ट्रीय राजमार्ग- 49)
शिलान्यास
रायगढ़ में लारा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्टेज-2 (2x800MW) का शिलान्यास
छत्तीसगढ़ को परियोजनाओं से लाभ
उच्च कार्यक्षमता के साथ कम कोयले में ज़्यादा विद्युत उत्पादन, प्रदूषण में कमी के साथ विकसित होते भारत की ऊर्जा-माँग की पूर्ति
अक्षय ऊर्जा का उपयोग कर बड़े सौर ऊर्जा प्लांट से शून्य प्रदूषण के साथ राज्य व देश की घरेलू विद्युत माँग की पूर्ति
रेलवे फ्लाइओवर के निर्माण से अतितीव्र माल ढुलाई संभव जिससे जिंसों की क़ीमत में कमी
ओपन कास्ट कोल हैंडलिंग प्लांट से शीघ्रता से कोयले का उत्पादन व ट्रांसपोर्ट संभव, बचेगा पैसा और ऊर्जा क्षेत्र को निर्बाध फ्यूल सप्लाई
राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेंगे अब तक उपेक्षित स्थान, सड़क से आर्थिक उन्नति और विकास
संवाद आर.ओ. 39797/45
NAMO app डाउनलोड करने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें
छत्तीसगढ़ के विकास को समर्पित
डबल इंजन की सरकार
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

## संपादकीय

# दस साल में बहुत कुछ बदल गया है

दस साल कम नहीं होते हैं। यह लंबा समय होता है। काम करन वाला राजनीतक दल हो या काम करने वाला नेता हो तो वह दस साल में बहुत कुछ कर सकता है। ऐसा बहुत कुछ कर सकता है जो ऐतिहासिक हो। जिनमें काम करने की लगन न हो तो उनके लिए पचास साल भी कम होते हैं, वह काम करने के लिए और वक्त मांगते रहते हैं,पर वक्त हमेशा नहीं मिलता है। एक वक्त के बाद जनता जान लेती है कि इस राजननीतिक दल या नेता को और वक्त देने की जरूरत नहीं हैं जितना वक्त दिया गया है, वह बहुत था, यह उतने वक्त में कुछ खास नहीं कर सकी तो और वक्त देने पर भी कुछ खास नहीं कर पाएगी।भाजपा और मोदी ने पांच साल कामकरने का मौका मिलने पर वह काम कर दिखाया जो दूसरे दल सोच नहीं पाए, पांच साल काम करके दिखाने पर जनता ने भाजपा व मोदी को और पांच साल काम करके दिखा दिया है, इस पांच साल में तो पहेल वाले पांच साल से भी बेहतर काम करके दिखाया है और जनता से कह रहे हैं देखों हमने दस साल में क्या क्या काम कर दिखाया है, और पांच साल का समय मिलेगा को हम और क्या क्या कर सकते हैं। काम करके दिखाने व आगे क्या काम करना है,यह जनता को बताने पर ही जनता काम करने का मौका देती है। जनता चाहती है कि कोई भी राजनीतिक दल हो या नेता वह बेहतर से बेहतर काम करके दिखाएं, असंभव लगनेवाले काम करके दिखाएं, ऐतिहासिक काम करके दिखाए।देश की राजनीति में , अर्थव्यवस्था में बदलाव लाकर दिखाए। देश व समाज में परिवर्तन लाकर दिखाए।यह पिछले दस साल में भाजपा ने करके दिखाया है। 2914 में मोदी सरकार आने के बाद से राजनीति में बहुत बदलाव आया है। अथव्यवस्था पहले से मजबूत हुई है, गरीबी कम हुई है। भ्रश्टाचार कम हुआ है।देश का सांस्कृतिक गौरव बढ़ा है। धारा-370 को हटाया गया है,राम मंदिर बनवाया गया है,नया संसद भवन बनाया गया, देश में नए हवाई अड्डे बने है, एम्स की संख्या बढ़ी है,आईआईटी की संख्या बढ़ी है, राजनीतिक स्थिरता बढ़ी है, विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है,देश की सेना मजबूत हुई है, आतंकवाद का सफाया हो गया है। देश की राजनीति पूरी तरह बदल गई है साथ ही यह धारणा भी बदल गई है कि सत्ता में रहने वाले भ्रष्ट,ा बेईमान होते हैं, सत्ता में नहीं रहने वाले ईमानदार होते हैं। पहले कांग्रेस निरंतर सत्ता में रहती थी तो सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार के आरोल कांग्रेस नेताओं व सरकारों पर लगते थे, इससे यह धारणा बनी थी कि जो दल सत्ता में रहता है,वह भ्रष्टाचार करता है, बेईमान होता है, कांग्रेस के समय विपक्ष के नेता ईमानदार माने जाते थे। क्योंकि वह सत्ता से दूर रहते थे। यानी सत्ता मतलब होता था भ्रष्चाचार करने का मौका। जिसका सत्ता मिली है,वह भ्रष्चाचार तो करेगा ही। लोग इसको दूसरी तरह से भी कहते थे कि सत्ता आदमी को भ्रष्ट कर देती है। यानी भ्रष्टाचार करने वाले उस वक्त अपने भ्रष्टाचार को यह कह कर ठीक बताते थे कि हम करने नहीं हैं, सत्ता के कारण करना पड़ता है। पीएम मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल में आजादी के बाद की इस धारणा को बदल दिया है कि सत्ता आदमी को भष्ट करती है, सत्ता में रहने वाले भ्रष्टाचार करना ही पड़ता है। पीएम मोदी ने दस साल में यह धारणा बनाने में सफल रहे हैं कि आदमी में दम हो तो वह सत्ता में रहकर भी भ्रष्ट नहीं होता है। पीएम मोदी बीस साल से सीएम के बाद पीएम हैं, लेकिन वह सत्ता में आने के पहेल जैसे थे, सत्ताा में बीस साल रहने के बाद भी वैसे ही हैं। सत्ता उन्हें भ्रष्ट नहीं कर पाई है। यह देश को दिखता है। इसलिए जनता पीएम मोदी को ईमानदार मानती है, सत्ता में रहने वाली भाजपा को ईमानदार मानती है। पीएम मोदी की यह बडी सफलता है कि वह खुद भी ईमानदार हैं और अपनी सरकार को भी ईमानदार बनाए रखा है। इसलिए अब यह धारणा बनी है कि सरकार में रहने वाले ईमानदार हो सकते हैं और सत्ता में नहीं रहने वाले भ्रष्ट व बेईमान हो सकते हैं। खासकर पविरवारवादी विपक्षी दल ईमानदार है, यह कोई मान ही नहीं सकता क्योंकि जनता ने देखा है कि परिवारवादी दल के नेताओं के पास जब सत्ता नहीं थी तो वह अमीर नहीं थे, उनके पास अरबों की संपत्ति नहीं थी लेकिन सत्ता में पांच दस साल रहने के बाद उन तमाम पारिवारवादी दलों के नेताओं को पास अरबों की संपत्ति हो गई। यह अरबों की संपत्ति परिवारवादी दलों ने कोई व्यापार करके कमाई नहीं कमाई है, इसलिए उनकी जनता ईमानदार नही मानती है।

## व्यंग्य

# सेवा और मेवा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



अस्पताल का नाम था सेवा मंदिर। सेवा का तो पता नहीं डॉक्टरों को मेवा बहुत मिलता था। अस्पताल के आरंभिक दिनों में डॉक्टर ऑटो में आते थे। अब खुद की चार-चार कोठियाँ और ऑडी-बेंज कार हैं। मरीजों का तो पता नहीं डॉक्टरों की बल्ले-बल्ले है। या यूँ कहिए कि अस्पताल केंचुए से अजगर बनने की कड़ी में जेट स्पीड से बढ़ता जा रहा था। यहाँ कर्मचारी काम कम खुशामदगिरी ज्यादा करते थे। खुशामदगिरी का परिणाम यह हुआ कि काम करने वाला कोल्हू का बैल बनकर उनके इशारे पर नाचता था।




मरीजों से पूछने पर पता चला कि अस्पताल ऊपर से कमल के फूल के समान सुंदर और भीतर से दलदल की तरह है। एक बार जो मरीज बनकर आता है उसका घर-बार बिकना तय है। यहाँ गरीबों की भी सेवा होती है, लेकिन सरकारी स्वास्थ्य कार्ड होना जरूरी है। कार्ड है तो वार्ड है। वरना यहाँ आना बेकार है। डॉक्टरों को इन कार्डधारकों को हैंडल करने के लिए खास तरीके की ट्रेनिंग दी गई है। कोई भी बाहरी बीमारी हो उसे बड़ा बताकर ऑपरेशन करने के लिए बाध्य करना इनकी चिकित्सकीय निपुणता का पहला और अंतिम निर्णय होता है। वैसे इस अस्पताल का नाम बीमा मंदिर होना चाहिए था। कारण, यहाँ बीमाधारी मरीजों को विशेष खातिरदारी होती है। मरीज के अस्पताल में प्रवेश करते ही सबसे पहले पूछा जाने वाला सवाल होता है - क्या आपके पास बीमा है? यही मरीज ने हाँ कह दिया तो समझो डॉक्टरों की टीम जोंक की तरह उस पर टूट पड़ेगी। सेलाइन चढ़ाने से पहले खून चूसने का अपना मनपसंद काम शुरू कर देंगे। बीमा धारकों के भर्ती होने का मतलब अपनी गाड़ी सर्विसिंग देने जैसा है। जिस तरह गाड़ी का पुर्जा-पुर्जा खोलकर देखा जाता है ठीक उसी तरह ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, स्टूल टेस्ट, ईसीजी, एक्सरे, अल्ट्रास्कैन, फलाना स्कैन, ढिमका स्कैन सब कुछ कराया जाता है। ऐसा करने से बिल का पेपर खिच-खिच की आवाज के साथ अपनी लंबी जीभ के साथ बाहर आता है। बिल मरीज से ज्यादा उसके बीमा वाले पैसों का स्वाद चखने के लिए आतुर होता है। एक बात तो माननी होगी कि दुनिया में इतनी सारी समस्याएँ और मतभेद हैं बावजूद इसके बिल बीमाधारी मरीज के साथ कोई भेदभाव नहीं करता। सबको एक समान देखता और व्यवहार करता है।

सेवा मंदिर बड़ा ढोंगी अस्पताल है। इसकी दीवारों पर ऐसे-ऐसे कथन लिखे हैं कि मानो कि इससे बढ़िया अस्पताल दुनिया में है ही नहीं। ये कथन सारे हाथी के दाँत जैसे हैं। जैसे - सब स्वस्थ रहें, खुश रहें। यह भी भला कोई कथन है। यदि सब स्वस्थ रहेंगे तो सेवा के नाम पर मेवा कैसे खायेंगे। न जाने इस दुनिया में ऐसे कितने मेवामंदिर फैले हैं।

## आस्था

**पण्डित ब्रह्मदत्त शास्त्री (नवापारा राजिम)**

# आस्था का संगम छत्तीसगढ़ का राजिम कुंभ (कल्प)




धर्म, संस्कृति और संविधान छत्तीसगढ़ के सदियों से लब्ध प्रतिष्ठित प्रयागराज राजिम में माघ पूर्णमासी का लक्खी मेला लगता रहा है। लोक आस्था का यह महापर्व प्रदेश के कोने कोने से आए श्रद्धालुओं के जन समुद्र के कारण एक कुम्भ के स्वरूप में ही भरता रहा है। पर जब से भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी, धर्मप्राण सरकार सत्ता में आई तो उन्होंने छत्तीसगढ़ को एक नई सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान देने के लिए प्रयाग राज राजिम को चुना और उसकी गरिमा के अनुरूप इसे त्रिवेणी संगम के राजीव लोचन भगवान और कुलेश्वर महादेव की नगरी इस हरिहर क्षेत्र को कुम्भ के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया।

2003 में तत्कालीन डॉक्टर रमन सिंह की सरकार में धर्मस्व, संस्कृति एवम पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने यह बीड़ा उठाया और देश भर के साधु संतों, महामंदलेश्वरों, अखाड़ों के महंतों को राजिम आमंत्रित किया और इसमें देश के विभिन्न पीठों के जगतगुरु शंकराचार्य भी पधारे और इस आहूत धर्म संसद ने समवेत स्वरों में इसे प्रतिवर्ष होने वाले राजिम कुम्भ के रूप में मान्यता थी। अब यह माधी पुन्नी मेला अपने भव्य और दिव्य रूप में पदोन्नत होकर देश और दुनिया में राजिम कुम्भ के रूप में पहचाना जाने लगा और इसमें कर्मयोगी कृष्ण सरीखे बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी भागीरथी भूमिका निभाई। स्वामी विशोकानंद, सतपाल महाराज, चंपारण पीठ के महाप्रभु वल्लभाधीश के वंशज जै जै द्वारकेश लाल चक्रमहामेरू पीठ के डंडी स्वामी, रमेश ओझा, डॉक्टर गंगादास, अभिलाष साहेब, शदानी दरबार के नवम पीठ प्रमुख युधिष्ठिर लाल, डॉक्टर बिन्दु, तुलसी पीठ प्रमुख स्वामी रामभद्राचार्य, सभी अखाड़ों के प्रमुख जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरी महाराज, पण्डित विजय शंकर मेहता, जोधपुर के अक्रिय, कौशल्या पीठ के बाल योगी रामबालक दास और सैकड़ों अनेक नामचीन साधु संतों की चरण रज पाकर यह धरा और यहां के निवासी धन्य हो गए।

बृजमोहन अग्रवाल ने व्यक्तिगत रुचि लेकर इसकी नई पहचान दिलाने के लिए अनथक प्रयास किए। दिन रात एक कर दिए और देश विदेश में राजिम की ख्याति फैलने लगी। सभी साधु संतों के प्रवचनों की अमृत वर्षा से यह धरती कुम्भ नगरी के रूप में तेजी से पल्लवित होने लगी। माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक होने वाले इस आयोजन में सन्त समागम में विभिन्न धार्मिक गतिविधियां, यज्ञ हवन, अनुष्ठान, श्री मद भागवत, रामायण, अखण्ड रामायण, ज्योतिष एवम वास्तु सम्मेलन राष्ट्रीय स्तर पर होने और देखते ही देखते बहुत कम समय में छत्तीसगढ़ का यह प्रयाग राज राजिम कुम्भ के रूप में लोकप्रिय हो गया। लोगों को त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर सुख की अनुभूति



होने लगी, काशी और ऋषिकेश की तरह यहां भी पण्डित परिषद के द्वारा त्रिवेणी संध्या महानदी महतारी की आरती की जाने लगी, जिसे सभी संतो का आशीर्वाद मिला। खेल, तमाशे, मीना बाजार, तरह तरह के झूलों का साथ सबने मिलकर इसकी रौनक में चार चांद लगा दिए। मुक्ताकाशी मंच से विश्वविख्यात हस्तियों की भजन संध्या होने लगी, स्थानीय लोक कलाकारों को एक विराट मंच मिला और कुलमिलाकर राजिम कुम्भ क्षेत्र का ऐसा सर्वांगीण प्रचार हुआ कि आज यह छत्तीसगढ़ की नई पहचान बन गई है। यह सब छत्तीसगढ़ शासन के धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की कर्मयोगिता के कारण ही हो पाया। वे सभी साधु संतो के बड़े लाडले हैं, हमारे पूरी पीठाधीश्वर संत भगवंत शंकराचार्य निश्चलानंद ने कालांतर में यह निर्देश दिया कि हमारे सतयुग के सनातन चार कुम्भ हैं जो प्रत्येक 12 वर्ष में लगते हैं। यह कलयुग का इस कल्प का ऐसा कुम्भ है, जो प्रत्येक वर्ष लगता है, जिसमे एक ही मंच पर सभी संप्रदायों के सन्त आते हैं इसलिए इसके साथ ÷कल्प% शब्द जोड़ दिया जाए, तब उनकी इच्छा को आदेश मानकर शिरोधार्य करते हुए बृजमोहन ने राजिम कुम्भ कल्प नाम दिया, किन्तु 2018 में आई कांग्रेस की सरकार ने इसे माधी पुन्नी कर दिया, यह ठीक ऐसा ही था जैसे कि किसी राष्ट्रपति को पार्षद बना दिया जाए, देश और प्रदेश में हर साल हजारों पुन्नी मेले होते रहते हैं, और राजिम की इस बड़ी पहचान को फिर से छोटा कर देना यहां के निवासियों के लिए भी बड़ा दुख दाई था क्यों कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने भी कहा था कि मेरे लिए मेरी जननी और मेरी जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है, और यही कारण है कि अपनी जन्मभूमि और कर्मभूमि राजिम को फिर से एक शासकीय अध्यादेश लाकर बृजमोहन अग्रवाल ने इसके गौरव को वापस लौटाया है।

इस अंचल के लोग इस बात से बड़े अभिभूत हैं और इस वर्तमान सरकार के प्रति अपना आभार प्रकट कर रहे हैं। इस बार 24 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाले राजिम कुम्भ कल्प को बड़े उत्साहित होकर ÷रामोत्सव÷ नाम दिया गया है उसके केंद्र में यह कारण है कि सदियों की प्रतीक्षा और संघर्षों के बाद रामलला अपनी अयोध्या पुरी के भव्य और दिव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हुए हैं और इस उपलक्ष्य में पूरे देश में और दुनिया में भी अप्रवासी भारतीयों ने धूमधाम से फिर से दिवाली मनाई हैं, जोरशोर से उत्सव मनाया है, इसलिए राजिम में भी 'रामोत्सव' मनाया जा रहा है। इस बार अनुराधा पौडवाल की भजन संध्या से आज शुरुआत हो रही है, पंडित प्रदीप मिश्रा, बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री सहित हरिद्वार, ऋषिकेश, मथुरा, वृन्दावन, काशी सहित देश के कोने कोने से साधु संत पधार रहे हैं। राजिम कुम्भ कल्प को अब फिर से धर्म संस्कृति और संविधान की भी अधिकृत स्वीकृति मिल गई है। छत्तीसगढ़ का आदिवासी, वनवासी, भोलाभाला जनमानस जिनके बीच राम रहे, रमें रहे, अपने भांचा राम को अपने बीच पाकर पुलकित है, प्रसन्न है !

# आध्यात्मिक धार्मिक संस्थान अब टैक्स के दायरे में आएंगे

## मुद्दा

**किशन सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर भारत दुनियां में सबसे अधिक आध्यात्मिकता आस्था व आध्यात्मिक स्थलों वाला देश है जहां पूरी दुनियां के सैलानी भारत आकर उन मशहूर आध्यात्मिक स्थलों का दौरा करते हैं। बता दें कि इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया में अनेकों ऐसे आध्यात्मिक स्थलों की सूची दी गई है, जहां प्रतिवर्ष करोड़ की मात्रा में भक्तों द्वारा चढ़ावा आता है, जिसमें नगदी सोने हीरे मोती नग शामिल होते हैं। जबकि समय-समय पर सरकार इन्हें सरकारी नियंत्रण में लेती है, जिसका विधेयक पास कराकर कानून बना दिया जाता है। जो मुद्दा फिर एक बारजोरदार ढंग से दिनांक 23 फरवरी 2024 को भारत की मीडिया में उछला है। मामला यूं है कि कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धार्मिक धर्मार्थ बंदोबस्ती विधायक 2024 पारित कानून बनेगा, इसका विपक्षी पार्टियों का हंगामा हो रहा है जब कि पक्ष पार्टी के सीएम का कहना है कि यह कानून 2030 से ही लागू है, जिसमें थोड़ा सा संशोधन किया गया है। लेकिन मजे की बात है कि पार्टी की सरकारें भी मंदिरों को नियंत्रण मुक्त करना तो दूर, उल्टे इसका दायरा और बढ़ाती रहीं। उत्तराखंड में तत्कालीन सरकार ने चारधाम एक्ट लाकर और हरियाणा सरकार ने कई प्रमुख मंदिरों को अपने नियंत्रण लेने का फैसला किया था। लेकिनत मिलनाडु और कर्नाटक के चुनावों में यही बीजेपी पार्टी मंदिरों को मुक्त करवाने के वादे करती है। चुंकि आध्यात्मिक धार्मिक संस्थान अब टैक्स के दायरे में आएंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग के इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आध्यात्मिक स्थलों में माथा टेकने वाले भक्तों द्वारा लाखों करोड़ों रुपए का चंदा चढ़ावा टैक्स के दायरे में लाने वाले कानून को रेखांकित करने वाली बात है।

साथियों बात अगर हम कर्नाटक विधानसभा में पारित कानून की करें तो, कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024 पुराने कानून में किया एक संशोधन है। इस कानून के लागू होने के बाद 1 करोड़ रुपये से अधिक सकल वार्षिक आय वाले मंदिरों को अपनी आय का 10 प्रतिशत एक कॉमन पूल में देना होगा। वहीं 10 लाख से 1 करोड़ तक के बीच सकल वार्षिक आय वाले मंदिरों को अपनी आय का 5 प्रतिशत धन कॉमन पूल में देना होगा। कर्नाटक के सीएम के मुताबिक, ये कानून 2003 में लागू हुआ था। संशोधन से पहले तक 5 लाख के आय वाले मंदिरों पर 5 प्रतिशत का टैक्स लगता था।कर्नाटक सरकार के मंत्री के मुताबिक मंदिरों से लिए गए टैक्स को कॉमन पूल फंड जमा किया जाता है। कॉमन पूल फंड को राज्य धर्मिका परिषद के तहत चलाया जाता है।संशोधित कानून में लिखा है कि कॉमन पूल फंड का इस्तेमाल किसी अन्य धार्मिक संस्थानों में जरूरतमंदों की मदद के लिए किया जाएगा। इसके अलावा हिंदू धर्म के किसी भी धार्मिक कार्यों के लिए इस फंड का इस्तेमाल किया जाएगा। फंड का इस्तेमाल किसी दूसरे उद्देश्य के लिए या दूसरे धर्मों के अनुयायियों के लाभ के लिए नहीं किया गया है। ये प्रावधान हिंदू समुदाय के कल्याण और उत्थान के लिए मंदिर निधि का उपयोग करने कीप्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं, जो गैर-हिंदू उद्देश्यों के लिए धन के गलत आवंटन या अनुचित टैक्स को लागू करने के दावों का सीधा खंडन करते हैं। नया बिल बुधवार को कर्नाटक विधानसभा में पेश किया गया और सहमति हासिल की गई। बीजेपी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा कि नए बिल के मुताबिक, दूसरे धर्म के व्यक्ति भी किसी मंदिर के प्रबंधन का हिस्सा बन सकते हैं। कर्नाटक के सीए ने एक्स पर किए ट्वीट में बताया कॉमन पूल पूरी तरह से हिंदू धर्म से जुड़े धार्मिक मकसदों के लिए है। कॉमन पूल फंड का इस्तेमाल 2003 में अधिनियम के लागू होने के बाद से केवल हिंदू संस्थानों के धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया गया है और भविष्य में भी इसका इस्तेमाल इन्हीं उद्देश्यों के लिए किया जाता रहेगा।




उद्देश्य?विधेयक का उद्देश्य राज्य में हिंदू धार्मिक संस्थानों और धर्मार्थ बंदोबस्ती के प्रबंधन और वित्त को विनियमित करना है।इसके लिए इन संस्थानों को अपनी आय का एक हिस्सा कुछ खास उद्देश्यों के लिए सरकार को देना होगा।इस धन का उपयोग पुजारियों की आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने, खराब स्थिति वाले मंदिरों का सुधार करने और पुजारियों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए किया जाएगाय। सरकार का दावा है कि इकट्ठा किए गए धन का इस्तेमाल धार्मिक परिषद उद्देश्यों के लिए किया जाएगा, जिससे पुजारियों की आर्थिक स्थिति बेहतर की जाएगी और सी-ग्रेड मंदिरों या जिन मंदिरों की स्थिति बहुत ख़राब है उनमें सुधार किया जाएगा तथा मंदिर के पुजारियों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी।

साथियों बात अगर हम ईआध्यात्मिक देश भारत की करें तो, दुनियाभर में भारत अपनी संस्कृति और परंपराओं के लिए मशहूर है। यहां मौजूद मंदिर अपनी भव्यता औरवास्तुशिल्प के लिए काफी प्रसिद्ध है। इन मंदिरों की लोकप्रियता की वजह से ही हर साल यहां भक्त करोड़ो का दान करते हैं।सोने की चिड़िया कहा जाने वाला भारत दुनियाभर में अपनी परंपराओं और मान्यताओं के लिए काफी मशहूर है। प्राचीन काल से ही यह देश दुनियाभर में आकर्षण का केंद्र रहा है। अपनी संस्कृति और आस्था की वजह से दुनियाभर के लोग इसकी तरफ खिंचे चले आते हैं। आस्था का प्रतीक यह देश पुराने समय से अपने मंदिरों के लिए पहचाना जाता है। यहां कई सारे मंदिर मौजूद हैं, जो अपनी भव्यता और वास्तुकला के लिए जाने जाते हैं। यही वजह है कि हर साल यहां देश ही नहीं, बल्कि विदेश से भी कई सारे भक्त दर्शन के लिए आते हैं। इतना नहीं मंदिर में माथा टेकने वाले ये भक्त भगवान को लाखों-करोड़ों रुपये का चढ़ावा भी अर्पित करते हैं। भक्तों के इन्हीं चढ़ाने की वजह से देश में कई ऐसे मंदिर हैं, जो चढ़ावे के मामले एक दूसरे को टक्कर देते हैं।भारत में हिंदुओं की आस्?था मंदिरों में विराजमान भगवान से इस कदर जुड़ी है कि वो उसके लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। तभी तो भक?त अपनी श्रद्धा और भक्ति के लिए मंदिरों में लाखों का दान करते हैं, और दान के बलबूते भारत के सैकडों मंदिर अमीर मंदिरों की लिस्?ट में शामिल हैं।

साथियों बात अगर हम आध्यात्मिक स्थलों पर सरकारी नियंत्रण के इतिहास की करें तो, देश में मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण का इतिहास अंग्रेजों के जमाने से जाकर जुड़ता है। यह परंपरा आजादी के बाद भी जारी रही और बकायदा कानून बनाकर मंदिरों पर नियंत्रण जारी रखा। तमिलनाडु में अभी हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ दान बंदोबस्त कानून (एचआर सेक्सएक्ट), 1959 के तहत करीब 45 हजार मंदिरों को सरकारी नियंत्रण में संचालित किया जा रहा है। इनमें 17 जैन मंदिर भी शामिल हैं। इसके खिलाफ साधु-संतों से लेकर सामाजिक-धार्मिक संगठन तक आवाज उठाते रहे हैं। दशकों पुराने मंदिर मुक्ति अभियान के तहत सामाजिक स्तर पर चौतरफा काम हो रहा है। विश्व हिंदू परिषद से लेकर संतों के कई संगठन इस आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं।सुप्रीम कोर्ट में याचिका के जरिए मंदिर मुक्ति की मांग

इसी दलील पर सुप्रीम कोर्ट में भी एक के बाद एक, कई याचिकाएं दायर हो चुकी हैं। कुछ याचिकाओं में मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करके हिंदुओं के साथ धार्मिक भेदभाव को खत्म करने की अपील की गई है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील और नेता ने अपनी याचिका में दो विकल्प रखे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तुरंत मंदिरों से अपना नियंत्रण छोड़े या फिर मस्जिदों, दरगाहों और गिरिजाघरों पर भी अपना कब्जा जमाए। सामाजिक महत्व के कई प्रमुख विषयों पर याचिकाएं दाखिल करने वाले अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि इन दोनों ही स्थिति में धार्मिक आधार पर हो रहा भेदभाव खत्म हो जाएगा। उपाध्याय सामाजिक महत्व के विभिन्न विषयों पर सुप्रीम कोर्ट याचिका दाखिल करते रहते हैं।

साथियों बात अगर हम सरकारों द्वारा आध्यात्मिक स्थानों पर नियंत्रण के समर्थन में दलील देने की करें तो, मंदिरों पर नियंत्रण के लिए ये दलीलेंमंदिरों पर सरकारी नियंत्रण के पक्ष में कई दलीलें दी जाती हैं। सरकार मंदिरों के उचित प्रबंधन और विकास का हवाला देती है। साथ ही, यह भी कहा जाता है कि सरकार का नियंत्रण होने से मंदिरों के जरिए सामाजिक न्याय को भी मजबूती दी जाती है। सरकार मंदिर प्रबंधन समितियों में सभी वर्गों और जातियों को शामिल किया जाता है ताकि हिंदू समाज में ऊंच-नीच के भेद खत्म हो सके। ये दावे बहुत हद तक सही हैं, लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि मंदिरों के ट्रस्ट सत्ताधारी दलों के अपने लोगों को सेट करने का भी साधन बन गए हैं। पार्टी के लिए काम कर रहे लोग जब मंदिर ट्रस्ट में आते हैं तो उनका ध्यान धर्मार्थ कार्यों या मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाने पर न होकर अपनी जेबें भरने पर होती हैं। इस कारण से मंदिर के धन की लूट-पाट होती है। हालांकि, मंदिर मुक्ति के विरोध में सबसे बड़ी दलील भी यही है कि दान में मिलने वाले धन का पंडों-पुजारियों में बंदरबांट करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आध्यात्मिक धार्मिक संस्थान अब टैक्स के दायरे में आएंगे।कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024 पारित-अब कानून बनेगा।आध्यात्मिक स्थलों में माथा टेकने वाले भक्तों द्वारा लाखों करोड़ों रुपए का चंदा टैक्स के दायरे में लाने वाले कानून को रेखांकित करने वाली बात है.

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। मार्किट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं, तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें। इससे आपको फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लंबे समय के बाद खुद को तरो-ताजा महसूस करेंगे। दूसरों का सहयोग करने पर आज सबके बीच आपकी छवी अच्छी बनी रहेगी। हर कोई आपसे प्रसन्न रहेगा। जो छात्र कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए तैयारी कर रहे हैं, वो जल्द ही अपनी तैयारीयां पूरी कर लेंगे। शिक्षकों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको ऑउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है, लेकिन आप समय रहते सब कुछ अच्छे से निपटा लेंगे। इस राशि के जो लोग स्टेशनरी का बिजनेस करते हैं, उनके लिए दिन ज्यादा लाभकारी रहेगा। आपको काम में ज्यादा तरक्की मिलेगी। पुराने दोस्त से मुलाकात होने के भी संकेत बन रहे हैं। दोस्तों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। जो छात्र सरकारी नौकरी के लिए कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उनको भी आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें। ऑफिस में आपको किसी बड़े आधिकारी या सहकर्मी का सहयोग मिल सकता है। आज बैंकों से जुड़े कामों का निपटारा करने के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सब लोगों का सहयोग मिलेगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते कुछ काम पूरे होने से रह सकते हैं। आज कोई भी जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें। आपके दिमाग में खुद-ब- खुद नए-नए आइडियाज आते रहेंगे। जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, उनके लिए दिन ठीक रहने वाला है। बिजनेस में आगे बढ़ने के लिए आपको किसी की मदद मिल सकती है।

सिंह राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो छात्र विदेश में हायर एजुकेशन के लिए जाना चाहते हैं, वो किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें। बदलते मौसम में आपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है। व्यापार में आज अचानक आय के नए स्त्रोत मिलेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। आज कोई भी काम करते समय आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरूर लेना चाहिये। इससे आपको अपने काम में मदद मिलेगी।

कन्या राशि-आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम जरूर सफल होंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिए वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है, कन्या के लिए आपको सुयोग्य वर मिल सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। आज आपको जीवनसाथी का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य रिश्ते में मधुरता आयेगी। आप उनके साथ किसी ट्रिप पर जाने की प्लानिंग भी बना सकते हैं। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। बदलते मौसम का आपको ध्यान रखना होगा।

तुला राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुडे हैं, उनके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आपके मुंह से निकली हुयी एक गलत बात आपके रिश्तों को खराब कर सकती है। आज परिवार का माहौल ठीक रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आपको काम में किसी का सहयोग मिल सकता है। जरूरतमंद बच्चों को भोजन करवाएं, आपकी सभी परेशानी दूर होगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आज आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। किसी के साथ पार्टनरशिप के लिए दिन अच्छा रहेगा। दाम्पत्य जीवन आज बेहतरीन रहने वाला है। बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें, कोई भी बड़ी डील करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख कर लें। जो महिलाए गृह उद्योग शुरु करना चाहती हैं, उनको परिवार से पूरा सहयोग मिलेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको कोई बड़ा पद भी दे सकती है। जनता के बीच आपका मान सम्मान भी बढ़ेगा। जो लोग लोहे के व्यापार से जुडे हैं, उनके व्यापार में वृद्धि होगी। फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स को कोई काम मिल सकता है। इससे आप खुद के सपनों को पूरा कर पाएंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी जरूरत है। आज किसी भी तरह की लापरवाही करने आपको बचना चाहिए। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा। किसी दूसरे शहर से सामान मंगवाना हो, तो आज इससे जुड़े निर्णय ले सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में जीवनासाथी का सहयोग मिलेगा। जो लोग घर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, वो लोग आज शिफ्टिंग का कार्य शुरू करवा सकते हैं। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छा लगेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी। हर कोई आपसे अच्छा व्यवहार करेगा। आज समाज से जुडे कार्यों को करने के लिए दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। आज ऑफिस में काम करने में आपका कोई सानी नहीं होगा। आपके जूनियर भी आपसे काम सिखना चाहेंगे। किसी काम के लिए आपको ऑफिस में अवॉर्ड भी मिल सकता है। छात्रों को आज किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन अच्छा बितेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर के साथ गुजार सकते हैं। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लॉन भी बना सकते हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आप किसी धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बन सकते हैं। किसी प्रोडेक्ट की मार्किटिंग के लिए भी दिन अच्छा है। आपकी पदोन्नति के आसार भी बन रहे हैं।

## एक नजर

### नक्सलियों का खूनी खेल, 2 ग्रामीणों को उतारा मौत के घाट

**सुकमा 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद नक्सल उन्मूलन अभियान में तेजी देखने को मिली हैं। इसी अभियान के तहत बस्तर के कोर इलाकों में पुलिस और सुरक्षाबलों की धमक भी देखने को मिली हैं। जाहिर हैं इससे नक्सलियों में बौखलाहट हैं और वह ग्रामीणों को इस पुलिस कार्रवाई के लिए दोषी ठहरा रहे हैं। ताजा मामला बस्तर संभाग के सुकमा जिले का हैं। यहाँ कायर दुल्लेड़ गाँव के रहने वाले दो ग्रामीणों की नक्सलियों में बीते रात निर्ममता से हत्या कर दी। माओवादियों कि दोनों ग्रामीण पुलिस की मुखबिरी कर रहे थे। नक्सलियों के पामेड़ एरिया कमेटी ने इस हत्या की जिम्मेदारी भी ले ली हैं। हत्या की सूचना के बाद मौकेपर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया हैं। अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया हैं।

### पं. जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 10 मार्च को

**सुकमा, 24 फरवरी।** पं जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वी में अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 10 मार्च 2024 रविवार को समय दोपहर 12:00 से 02:00 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। जिसके लिए जिला मुख्यालय में लिखित परीक्षा आयोजित करने हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा, कुम्हाररास, को परीक्षा केंद्र नियुक्त किया गया है। परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन हेतु श्री सुखराम देवांगन, विकास खण्ड शिक्षा अधिकरी एवं श्री ललित कुमार नाग, प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा को केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विस्तृत जानकारी हेतु आदिवासी विकास शाखा से सम्पर्क कर सकते है।

### पुलिस ने परखी बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था

**राजनांदगांव 24 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने अपने थाना क्षेत्रों के समस्त बैंकों एवं एटीएम को चेक करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने दलबल के साथ बैंकों के आसपास एवं बैंकों के अंदर आंतरिक सुरक्षा एवं एटीएम को चेक किया गया। बैंकों के सुरक्षा के लिए लगाये गये उपकरण सी.सी.टी.व्ही कैमरे, सुरक्षा कर्मियो की तैनाती, डबल लॉक की स्थिति, लाकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारीकि से चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बैंक प्रबंधक को सीसीटीव्ही कैमरा एवं अलार्म सिस्टम को दुरुस्त रखने हेतु कहा गया साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई तथा सभी बैंको को निर्देशित किया गया की अपने ग्राहकों को ऑनलाइन फ्राड के संबद्ध में जागरूक करे अवश्यकतानुसार पोस्टर आदि एटीएम, बैंक के ऑफिस में लगाने हेतु कहा गया।

# राजिम कुंभ कल्प में दिखेगा अयोध्या धाम का वैभव: बृजमोहन

## थ्री डी मैपिंग और लेजर शो के जरिये सुंदर रामकथा दिखाई जाएगी

**रायपुर 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की तीर्थ नगरी राजिम में होने वाले कुंभ कल्प में इस बार भारत की सनातन परंपरा की अद्भुत झलक दिखेगी। उत्तराखंड से तमिलनाडू तक भारतभूमि की संतपरंपरा से जुड़े संतों का अद्भुत समागम इस भूमि पर होगा। धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देशन में राजिम कुंभ कल्प के अभूतपूर्व आयोजन की तैयारी जोर-शोर से जारी है। संगम नगरी का दृश्य अयोध्या धाम की तरह होगा। इस बार की थीम रामोत्सव है। मुख्यमंच अयोध्या धाम के रामलला मंदिर की तरह होगा।

धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि मेला परिसर सुगम, सुशासित और सुसज्जित होगा। रामकथा का मंचन थ्री डी मैपिंग, लेजर शो आदि के माध्यम से होगा। मुंबई की एक्सपर्ट टीम यह कार्य करेगी। थ्री डी प्रोजेक्शन मैप की इस तकनीक से रामकथा का अद्भुत रसपान श्रद्धालु करेंगे। प्रयागराज कुंभ की विशेषता होती है कि यहां दुकानों का आर्गेनाइज्ड स्ट्रक्चर तैयार होता है, जिसका लाभ व्यवसायियों को होता है। राजिम



कुंभ में भी इसी तर्ज पर दुकानों की व्यवस्था होगी।

धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि राजिम कुंभ कल्प का शुभारंभ 24 फरवरी को होगा, जो 8 मार्च तक चलेगा। इस भव्य आयोजन में हरिद्वार, काशी, मथुरा, अयोध्या, चित्रकुट समेत देशभर के कई स्थानों से साधु-संत, पीठाधीश्वर, मठाधीश, महात्मा और शंकराचार्य शामिल होंगे। श्रद्धालुओं को राजिम कुंभ के दौरान आवागमन में किसी भी तरीके की दिक्कत ना हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है। मेला स्थल में दुकानों को सुव्यवस्थित करके सड़कों को काफी चौड़ा कर दिया गया है। हमने राजिम कुंभ को प्रयागराज कुंभ की तर्ज पर ऑर्गनाइज स्ट्रक्चर तैयार कर दुकानें स्थापित की है, जिससे दुकानदारों को लाभ हो और श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न होने पाएं।

**राजिम कुंभ कल्प के दौरान होगा तीन पुण्य स्नान :** धर्मस्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प के दौरान तीन पुण्य स्नान क्रमशः 24 फरवरी माघ पूर्णिमा, 4 मार्च माता जानकी जयंती और 8 मार्च महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर होंगे। श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए वालेंटियर तैनात किए गए है। कुंभ के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए नदी और आसपास की स्थलों की साफ-सफाई के लिए बड़ी संख्या में सफाईकर्मी तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला स्थल में बड़ी संख्या में पोर्टेबल टॉयलेट एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

**राजिम कुंभ में शिशुवती माताओं के लिए बनेगा फिडिंग रूम :** धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ में आने वाले सभी आयु वर्ग के लोगों का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है। कुंभ में आने वाली शिशुवती माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए मेला स्थल में फिडिंग रूम भी बनाए गए हैं।

**प्राथमिक उपचार के लिए हॉस्पिटल:** धर्मस्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पहले मेला के आयोजन के दौरान मेडिकल कैम्प लगाया जाता रहा है। प्रायः देखा गया है कि इस मेडिकल कैम्प से श्रद्धालुओं को होने वाली स्वास्थ्यगत समस्याओं का त्वरित उपचार नहीं हो पाता था। इस बार मेला स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10-10 बेड के छोटे-छोटे अस्पताल सिापित किए गए हैं, जिसस मरीजों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। रायपुर, गरियाबंद और धमतरी जिले का एक कलस्टर बनाकर स्वास्थ्य कैंप भी मेला स्थल पर लगाया जाएगा।

**रामोत्सव की थीम पर होगी भव्य झांकी:** धर्मस्व अग्रवाल ने कहा कि, राजिम कुंभ में इस बार रामोत्सव थीम पर भव्य झांकी तैयार की गई है। इसमें प्रभु राम के छत्तीसगढ़ में वनवास काल के दौरान पलों को झांकी के माध्यम से बताया जाएगा।

# श्रद्धालुओं ने लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी, किए दर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 24 फरवरी।** माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुन्नी स्नान के पुण्य लाभ प्राप्त किया। इसी के साथ राजिम कुंभ कल्प मेला का भी शुभारंभ हो गया। आज माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अचंल सहित प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पैरी सोढ़ूर और महानदी में तडके सुबह से डुबकी लगाकर अपने आप को धन्य किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ श्री राजीव लोचन और कुलेश्वरनाथ महादेव के मंदिर पहुंचकर दर्शन कर अपने परिवार की खुशहाली और सुख समृद्धि की आशीर्वाद मांगा। दोनों मंदिरों के अलावा श्रद्धालु लोमश ऋषि आश्रम, राजिम भक्तिन माता मंदिर, मामा-भांचा मंदिर, राजराजेश्वर, दानदानेश्वर, बाबागरीब नाथ महादेव के दर्शन किए। कई महिलाएं एवं युवतियां तीनों नदी, पैरी, सोढ़ूर और महानदी की धार में डुबकी लगाने के बाद नदी के रेत में शिवलिंग बनाकर उसमें नारियल, बेल पत्ता, धतुरे का फूल, दूध चढ़ाकर पूजा अर्चना किया और नदी के धार में दीपदान किए। सूर्योदय के पूर्व पुन्नी स्नान का बड़ा महत्व है। दीप दान किए जाने का भी धार्मिक महत्व है, इसलिए नदी की धार में दीप दान कर श्रद्धालु सीधे श्री राजीव लोचन और भगवान श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन के लिए लोग पहुंचे।

8 मार्च को होगा समापन सरकार बदलने के साथ ही छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक राजिम कुंभ कल्प मेले का स्वरूप भी इस बार बदला हुआ है। छत्तीसगढ़ के प्रयाग राज तीर्थ नगरी राजिम में इस वर्ष राजिम माघी पुन्नी मेला की जगह राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 24 फरवरी से 08 मार्च तक होगा।



इसके अंतर्गत संत समागम का आयोजन 03 मार्च से 08 मार्च तक रहेगा। इस दौरान तीन पर्व स्नान 24 फरवरी माघ पूर्णिमा, 04 मार्च जानकी जयंती और 08 मार्च महाशिवरात्रि को होगा।

माघ पूर्णिमा के दिन भगवान श्री राजीव लोचन का जन्म दिवस है। इसके उपलक्ष्य में सदियों से राजिम के इस पावन भूमि में मेले भरते आ रहा है। भगवान का जन्मोत्सव मंदिर प्रांगण में बैंड-बाजे के साथ बहुत ही धूम-धाम से मनाया गया है। भगवान के पूजा के बाद नया लाल ध्वज मंदिर के कलश में चढ़ाया गया। माघ पूर्णिमा को लेकर भगवान श्री राजीव लोचन का मंदिर दमकने लगा है। बिजली की झालर और तेज लाइट की रोशनी से जगमगाने लगा है।

धर्मस्व श्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर राजिम कुंभ में इस बार रामोत्सव थीम पर भव्य झांकी तैयार की गई है। इसमें प्रभु श्री राम के छत्तीसगढ़ में वनवास काल के दौरान पलों को झांकी के माध्यम से बताया जाएगा। झांकी के प्रदर्शन में लेजर लाईट और साउंड इफेक्ट का भी समावेश किया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। लक्ष्मण झूले को भी एलईडी लाईट से सजाया गया है। राजिम कुंभ को भव्य स्वरूप देने के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है।

मंदिर से लेकर पूरे मेला स्थल के चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। मंदिर में भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम हैं। श्री राजीव लोचन दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को कुलेश्वर महादेव के मंदिर तक नदी की रेत में चलकर जाना पड़ेगा। इस बार फर्सी पत्थर बिछाकर सड़क बनाई गई है।

## समाचार संक्षेप

### जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक शाला खंडाम के छात्रों ने प्राप्त किया पहला स्थान

**कोंडागांव 24 फरवरी।** जिला स्तरीय राष्टीय आविष्कार अभियान के तहत कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया जिसमें जिला कोण्डागांव अन्तर्गत पांचो ब्लाक से प्रतिभागी छात्र-छात्राएं गणित एवं विज्ञान प्रदर्शनी में



अपना अपना मॉडल का प्रदर्शन किया। विज्ञान विषय पर उच्च प्राथमिक शाला खण्डाम के छात्रो द्वारा बहु फसलीय कृषि पद्धति का माडल बनाया गया जिन्होंने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमें मछली पालन, मुर्गी पालन, सिंचाई के साधन , पशुपालन, जैविक खेती सौर ऊर्जा, गोबर गैस इत्यादि कारकों को पर्यावरण के अनुरूप प्रदर्शित किया गया। प्रतिभागी छात्र रोहित कोर्राम, अमित कोर्राम, हेमंत नेताम द्वारा प्रस्तुती की गई। मार्गदर्शन शिक्षक कु. अम्बिका मरकाम के नेतृत्व में सहयोगी शिक्षक गुनेश साहू, केवलचंद बघेल, सुबेश भंडारी, मगलेश सिन्हा, भूतेश्वर साहू व दसरथ नेताम का विशेष सहयोग रहा। संकुल केंद्र पोलंग के सभी शिक्षकों का सहयोग मिला। इस उपलब्धि पर शाला परिवार ने सभी को बधाई दी। प्रतिभागी छात्र कोण्डागांव जिले के सुदूर एवं संवेदनशील अंचल से यहां आकर शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं। उक्त जानकारी संकुल समन्वयक श्री गौतम साहू ने दिया।

### डोंगरगांव पुलिस व प्रशासन के प्रशिक्षण से अब तक 42 अभ्यार्थी लाभांवित



**डोंगरगांव 24 फरवरी।** 23 फरवरी को उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन लेते हुए थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव के क्षेत्र के युवाओं को देश/राज्य के सुरक्षा मे अपनी सहयोगिता देकर अपनी कर्त्वय निभाने हेतु शासन के द्वारा जारी अग्निवीर व छ0ग0 जिला बल आरक्षक भर्ती चयन प्रकिया मे ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र के युवाओं का योगदान देकर कर अपनी क्षमताओं को देश के सेवा मे लगाने हेतू थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा अभ्यार्थी भावी ÷ अग्निवीर÷ व ÷छ0ग0 जिला बल आरक्षक÷ हेतु थाना डोंगरगांव के ग्राम कुमर्दा .मैदान मे भर्ती प्रक्रिया मे चयन हेतू हर वर्ग युवाओं/युवतियों को शारीरिक दक्षता ( जैसें दौंड़ , लंबी कुद , ऊंची कुद , गोला फेंक ) की तैयारी के साथ साथ लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराया जा रहा है ,प्रशिक्षण हेतु शिक्षा विभाग से पीटीआई की सहयोग ली जा रही है , तथा लिखित परीक्षा हेतु व्याख्याता शिक्षकों की भी सहयोग ली जा रही है । ईच्छुक युवाओं/युवतियों द्वारा भी थाना डोंगरगांव पुलिस से संपर्क कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है । अब तक कुल 42 अभ्यार्थीयों कों प्रशिक्षण दिया जा रहा है । लिखित परीक्षा के तैयारी हेतु प्रतियोगिता परीक्षा पुस्तकें निःशुल्क प्रदाय की जायेगी । प्रशिक्षण मे वि0ख0 क्रिडा अधिकारी (पीटीआई ढालसिंह साहू) , प्रशिक्षक चैनसिंह रावटे (विशेष योगदान) , पीटीआई उत्तम कुमार बारसागढ़े , श्यामलाल साहू , शेख आबिद कुरैशी , अखिलेश खरे ,सुश्री फुलेता कोर्राम एवं थाना डोंगरगांव पुलिस स्टॉफ आरक्षक कौशल सुधाकर , आशाराम ध्रुव , सत्येन्द्र डाहिरे , धर्मेन्द्र मांडले , राकेश कुमार साहू , साहित अंसारी ,का विशेष योगदान रहा है।

### सेवा-सुशासन, विकास का संकल्प लेकर जनता की सेवा कर रही प्रदेश सरकार: रमेश

**महासमुंद 24 फरवरी।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ध्येय वाक्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ढाई माह की अल्पावधि में कई जनहितकारी फैसलों से समाज के हर वर्ग की तरक्की और खुशहाली के लिए अनेक कदम उठाए गए। स्वच्छ प्रशासन और सरकारी काम-काज में पारदर्शिता के चलते भाजपा शासन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। सेवा, सुशासन, सुरक्षा एवं विकास के संकल्प को लेकर प्रदेश सरकार जनता की सेवा में दिन-रात लगी हुई है। साहू ने कहा कि सरकार गठन होते ही पहली कैबिनेट में 18 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पक्के आवास बनाने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में कृषक उन्नति योजना के तहत सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की गई। जिससे इस वर्ष छत्तीसगढ़ में अब तक का सर्वाधिक धान खरीदी का कीर्तिमान स्थापित हुआ। राज्य सरकार ने युवाओं के हित में बड़ा फैसला लेते हुए पीएससी भर्ती परीक्षा वर्ष 2022 प्रकरण की सीबीआई जांच कराने का साहसिक निर्णय लिया।

### स्कूल बसों का भौतिक परीक्षण 3 को

**महासमुंद 24 फरवरी।** परिवहन विभाग द्वारा जिले के समस्त स्कूलों में संचालित बसों का भौतिक निरीक्षण के लिए 3 मार्च को पुलिस लाइन परसदा महासमुंद में शिविर का आयोजन किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि 4 फरवरी को पिथौरा, बसना एवं सरायपाली के शिविर में उपस्थित वाहनों को पुनः लाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने शिविर में शेष सभी स्कूल वाहन एवं वाहन चालक/परिचालक से संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा है।

# एनआईटी रायपुर में मध्य भारत के सबसे बड़े सांस्कृतिक महोत्सव इक्लेक्टिका का आगाज

**रायपुर 24 फरवरी।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में संस्कृतिङ्क द कल्चरल कमेटी द्वारा 23 से 25 फरवरी को आयोजित मध्य भारत के सबसे बड़े सांस्कृतिक महोत्सव इक्लेक्टिका%24 का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन में संस्थान के निदेशक डॉ एन वी रमना राव, प्रोफेसर, माइनिंग, पी वाय ढेकने, डीन (आर × सी) डॉ पी दीवान, हेड सीडीसी डॉ समीर बाजपाई, डीन (छात्र कल्याण) डॉ नितिन जैन, प्रोफेसर, इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, डॉ शुभ्रता गुप्ता , अन्य प्रोफेसर्स और छात्र उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह की शुरुआत वंदे मातरम और सरस्वती वंदना के साथ हुई। डॉ राव ने संसाधनों के कुशल प्रबंधन के लिए टीम संस्कृति की सराहना की और इस उत्सव को सहयोगात्मक प्रयास का परिणाम बताया। डॉ. सान्याल ने इस आयोजन के लिए छात्रों को शुभकामनाएं दी। डॉ समीर ने इस तरह के भव्य आयोजन के लिए संकाय और समन्वयकों की सराहना की और सभी को अनुशासन से फेस्ट का आनंद लेने का आग्रह किया। पहले दिन तीन मेगा इवेंट्स क्लैश ऑफ



कोरियोस, कलोप्सिया और गूंज आयोजित किए गए। साथ ही मिनी इवेंट्स जैसे 'हैंड पेंटिंग, जेंगा, एम आई वर्थ?, पिक्सेल लेन, क्रिएट योर ओन सुपरहीरो, एनआईटीआरआर गॉट टैलेंट आदि आयोजित किए गए। क्लैश ऑफ कोरियोस में प्रतिभागियों ने मनमोहक डांस प्रस्तुति दी। प्रतिभागी बॉलीवुड के मुकाबला, बैंग बैंग, पठान, शिव तांडव स्त्रोत्रम, रक्त चरित जैसे गानों पर अपना जलवा बिखेरा। साथ ही प्रतिभागियों ने साउथ और हॉलीवुड के गानों पर भी सुंदर प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम की जज बीट एंड डांस एकेडमी, रायपुर की डायरेक्टर शबनम खान रहीं। इसमें प्रथम क्रॉस ग्रुप , द्वितीय दीपक साहू और तृतीय अंशिका रही। संस्थान की इको सोशल कमिटी गो ग्रीन के पुकार इवेंट के तहत पॉट पेंटिंग, पजल हंट और अमूल्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसके साथ ही एफसीसी क्लब के कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सहयोग से वित्त और परामर्श क्लब द्वारा वित्तीय साक्षरता और जागरूकता पर एक वक्ता सत्र भी आयोजित किया गया। सत्र के विशिष्ट मुख्य अतिथियों में एजीएम आरबीआई, पूर्व अतिरिक्त निदेशक, वित्त मंत्रालय, छत्तीसगढ़ सरकार श्री सत्य प्रकाश सोनी, सहायक महाप्रबंधक, आरबीआई श्री गजेंद्र साहू, सहायक महाप्रबंधक, एफआईडीडी, श्रीमती अदिति दुबे, सहायक महाप्रबंधक, एफआईडीडी और क्षेत्रीय साक्षरता अधिकारी एवं प्रबंधक, एफआईडीडी छत्तीसगढ़, श्री दिग्विजय राऊत शामिल रहे।

# झड़े बाल के बदले कबाड़ी दे रहे चम्मच, गिलास व कड़ाही

**पत्थलगांव 24 फरवरी।** बंगाल एवं अन्य राज्यो से आये कबाडी इन दिनो शहर के गली मौहल्लो मे घुमकर महिलाओ के सिर से झडे बाल की खरीददारी कर रहे है। बाल के बदले कबाडी चम्मच गिलास,प्लास्टिक की फूटबाल एवं सब्जी बनाने वाली कडाही दे रहे है। उनसे जब बाल की खरीदी कर उसके इस्तेमाल के संबंध मे पूछा जाता है तो वे अपनी अनभिज्ञता जाहिर करते है,जिसके कारण क्षेत्र की महिलाओ को अपने झडे हुये बाल उन्हे बेचने मे शंका भी उत्पन्न हो रही है। शहर मे इन दिनो दो दर्जन से भी अधिक बंगाल से आये कबाडी अपनी लूना वाहन मे स्पीकर लगाकर महिलाओ के झडे बाल खरीदते आसानी से देखे जा सकते है। उनकी वाहन मे गिलास,चम्मच,कडाही एवं प्लास्टिक के सामान भारी मात्रा मे लोड रहते है,ये बकायदा लाउड स्पीकर मे आवाज लगाकर घर-घर के सामने महिलाओ के झडे बाल खरीदने के बदले प्लास्टिक एवं स्टील का सामान देने की बात करते है। बंगाल से आये कबाडी शफीकुल से जब महिलाओ के झडे बाल की खरीदी के संबंध मे बात की गयी तो उन्हे उसके बारे मे कुछ भी ठीक से मालुम नही था,उनका कहना था कि वे क्षेत्र से महिलाओ के झडे बाल खरीदकर उसे कलकत्ता मे थोक मे बेच देते है,उनसे जब बाल का दुबारा इस्तेमाल के संबंध मे पूछा गया तो वे कुछ भी बता पाने मे असमर्थ नजर आये। उनका कहना था कि उनका काम सिर्फ गली मौहल्लो मे घुमकर महिलाओ के झडे बाल की खरीददारी करना है,बाल के बदले वे महिलाओ को रूपये पैसे नही देते। बल्कि झडे बाल के बदले वे प्लास्टिक व स्टील का सामान देते है।

# मुसराकला लोक मंडई का तीन दिवसीय आयोजन 26 फरवरी तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़/मुसराकला 24 फरवरी।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मुसराकला में आगामी 24 फरवरी शनिवार से विख्यात लोक मंडई एवं कृषि मेला का शुभारंभ होगा । ग्राम मुसरा में शनिवार से तीन दिवसीय लोक मंडई एवं कृषि मेले का आयोजन रखा गया है। तीन दिवसीय मंडई में छत्तीसगढ़ के कृतिक नामी कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। मंडई में लोगों को अयोध्या में बने राम मंदिर व छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। वहीं मंडई में स्टाल लगाकर लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। लोक मंडई को लेकर आयोजन समिति ने पूरी तैयारी कर ली है। वहीं आयोजन से जुड़े लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है।



कार्यक्रम 24 फरवरी शनिवार को शाम 7 बजे सांसद संतोष पांडे के मुख्य आतिथ्य तथा 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा रामजी भारती पूर्व विधायक विनोद खांडेकर वेयरहाउस कॉरपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष नीलू शर्मा व भाजपा के जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा रविंद्र वैष्णव व मंडल अध्यक्ष बोधी राम साहू मंचस्थ होंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक मूलचंद लोधी व संरक्षक दलेश्वर साहू ने बताया कि डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोक मंडई का आयोजन प्रतिवर्ष विगत 24 वर्षों से किया जा रहा है इस आयोजन में मुख्य रूप से दिन में कृषि मेला आकर्षण का केंद्र रहता है तो रात्रि में लोक मंडई के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहती है जिसमें प्रथम दिवस क्रांति कार्तिक यादव हिरेश सिन्हा गोरेलाल बर्मन व अलका चंद्राकर अपनी प्रस्तुति देंगे संगीत संयोजन ओपी देवांगन का होगा नृत्य प्रभारी विलास रावत है तथा कार्यक्रम के प्रभारी तिलक राजा साहू होंगे । संरक्षक दलेश्वर साहू ने बताया कि इस वर्ष पूरे देश में राम मंदिर की धूम है इसलिए लोक मंडई आयोजन समिति ने भी राम मंदिर के थीम पर ही अपना कार्यक्रम रखा है कार्यक्रम स्थल में विशाल राम मंदिर बनाया गया है।

# मैरीलैंड यूनिवर्सिटी ने पवन को दी डॉक्टरेट की उपाधि

■ चार दशक से आदिवासी अंचल को दे रहे अंग्रेजी माध्यम पढाई की सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव 24 फरवरी।** लिटिल रोज अंग्रेजी माध्यम स्कूल के संस्थापक एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल को शिक्षा एवं सामाजिक कार्यो के लिए अमेरिका की मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से डॉक्टर ऑफ फ्लिॉसफी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के मिलने से लिटिल रोज परिवार के अलावा शहर के लोगो ने भी डॉक्टर पवन अग्रवाल को अपनी शुभकामनायें प्रेषित की है। दरअसल पवन अग्रवाल पिछ्ले चार दशक से सामाजिक कार्यो मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे है। यही कारण है कि उन्हे ब्लाक स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक समाज के



विभिन्न पदो से सुशोभित किया गया। पवन अग्रवाल ने 34 वर्ष पूर्व लिटिल रोज अंग्रेजी माध्यम स्कूल की शुरूवात की थी,आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण उस दशक मे यहा हिंदी मिडियम स्कूल का भी काफी अभाव रहता था। 10 से 15 किलोमीटर की दूरी मे विद्या अर्जन के लिए गिने चुने स्कूल ही हुआ करते थे,ऐसे अल्प संसाधनो के बीच डॉक्टर पवन अग्रवाल ने अंग्रेजी माध्यम स्कूल की शुरूवात एक झुग्गी झोपडी से की थी,उनकी निष्ठा एवं क्षेत्र के होनहार बच्चो की लगन ने लिटिल रोज स्कूल को बडी उपलब्धियों तक पहुंचाया। यहा से अध्ययनरत बच्चे आज डॉक्टर,इंजिनियर एवं प्रशासन के विभिन्न बडे पदो पर आसिन है। प्रत्येक वर्ष इस विद्यालय से निकला बच्चा उपलब्धियों को हासिल कर रहा है,पवन अग्रवाल की कडी मेहनत के बदौलत लिटिल रोज स्कूल जशपुर जिले का पहला अंग्रेजी माध्यम स्कूल का दर्जा प्राप्त है। डॉक्टर पवन अग्रवाल ने अपनी शिक्षा के प्रति लगन एवं सामाजिक कार्यो की रूचि के बदौलत तीन साल का अथक प्रयास कर मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी से डॉक्टर ऑफ फ्लिॉसफी की बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है,इस उपलब्धि के बाद शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से जुडे अनेक विद्वानो ने भी उन्हे बधायी देते हुये शुभकामनायें दी है,छ.ग. शासन के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंह देव ने भी पवन अग्रवाल की इस उपलब्धि पर शुभकामनायें भेजी है।


# छत्तीसगढ़ की आस्था का प्रतीक है राजिम कुंभ: विष्णु देव साय

**रायपुर 24 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 24 फरवरी से शुरू हो रहे राजिम कुंभ कल्प और शिवरीनारायण मेला की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सीएम साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के रूप में प्रसिद्ध राजिम में आयोजित होने वाला राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की आस्था का प्रतीक है। राज्य सरकार राजिम कुंभ की विशिष्टता और भव्यता को उसके मूल स्वरूप में लौटाने जा रही हैं। इसके लिए 'राजिम माघी पुन्नी मेला' को 'राजिम कुंभ कल्प' का नाम दिया है। इससे हमारे गौरवशाली सांस्कृतिक परम्पराओं को संरक्षित और संवर्धित होने का अवसर मिलेगा। राजिम कुंभ कल्प इस वर्ष 24 फरवरी माघपूर्णिमा से 8 मार्च महाशिवरात्रि तक आयोजित होगा। इस साल राजिम कुंभ कल्प को रामोत्सव के रूप में मनाया जायेगा।




मुख्यमंत्री साय ने कहा कि महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के पवित्र त्रिवेणी संगम पर सदियों से राजिम कुंभ मेला का आयोजन होता है। बड़ी संख्या में आसपास के राज्यों के लोग भी श्रद्धापूर्वक इस मेले में शामिल होते हैं। यहां छत्तीसगढ़ की धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ लोक संस्कृति के भी दर्शन होते हैं। इस साल राजिम त्रिवेणी संगम में भव्य तैयारियां की जा रही है। यहां देशभर से साधु संत और श्रद्धालुओं का आगमन होगा। राजिम कुंभ कल्प के आयोजन के दौरान तीन पुण्य स्नान होंगे और विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजिम की तरह माघ पूर्णिमा के अवसर पर शिवरीनारायण में भी महानदी, शिवनाथ और जोंक नदी के पावन संगम पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में भी लोग बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ शामिल होते हैं। उन्होंने महानदी के तट पर सिरपुर में माघी पूर्णिमा के दिन से शुरू हो रहे सिरपुर महोत्सव की भी शुभकामनाएं प्रदेशवासियों को दी है।






## एक नजर

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का दामाखेड़ा हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत



**बलौदाबाजार, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के सिमगा विकासखंड अंतर्गत दामाखेड़ा में माघपूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध सतगुरू कबीर संत समागम, दामाखेड़ा मेला में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीपैड में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। हेलीपैड पर अतिथियों का पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, आईजी अमरेश कुमार मिश्रा, कलेक्टर चंदन कुमार, एसएसपी सदानंद कुमार सहित बड़ी संख्या में पहुंचे जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने गुलदस्ता भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज भी उपस्थित रहे।

### विक्रम सिसोदिया विधानसभा स्पीकर रमन सिंह के सचिव नियुक्त



**रायपुर, 24 फरवरी।** विक्रम सिंह सिसोदिया को छत्तीसगढ़ विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह का सचिव नियुक्त किया गया है. इस संबंध में विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने आदेश जारी किया है। विक्रम सिसोदिया को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम-2012 के तहत 1 फरवरी 2024 से डॉ. रमन सिंह के विधानसभा अध्यक्ष के कार्यकाल तक सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है. बता दें कि डॉ. रमन सिंह जब केंद्र में राज्यमंत्री थे, तब से केंद्रीय सेवा के अफसर विक्रम सिसोदिया उनके साथ हैं. 2003 में जब डॉ. रमन सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री बने, तब सिसोदिया को उनका ओएसडी नियुक्त किया गया था।

### सीएम को वन मंत्री ने वन विकास निगम की लाभांश राशि का चेक सौंपा



**नारायणपुर, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आज छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय कक्ष में वन मंत्री व नारायणपुर विधानसभा के विधायक केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के लाभांश की राशि 2 करोड़ 26 लाख रुपए का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री साय ने वन विकास निगम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि वन विकास निगम राज्य में हरित क्षेत्र के प्रसार और पर्यावरणीय विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। निगम ने किसी भी वित्तीय संस्थान से कोई ऋण भी नहीं लिया है। यह लाभ कमाने वाली सरकारी संस्था है। वन विकास निगम की यह उपलब्धि सराहनीय है और अन्य संस्थाओं को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए वन मंत्री, तथा वन विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी।
वन मंत्री केदार कश्यप ने इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय को छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के कार्यों और उपलब्धियां की विस्तार से जानकारी दी। छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के प्रबंध संचालक तपेश कुमार झा ने बताया कि वन विकास निगम भारत सरकार द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना अंतर्गत रोपित सागौन वृक्षारोपण के विरलन से प्राप्त वनोपज के विक्रय एवं अन्य आय से वित्तीय वर्ष 2022-23 में 69 करोड़ 44 लाख रुपए की आय प्राप्त हुई है।

---

सतगुरु कबीर संत समागम समारोह दामाखेड़ा मेला में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्म नगर करने की घोषणा

# सबके सहयोग से प्रदेश में बहाएंगे विकास की गंगा: सीएम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 24 फरवरी।** दामाखेड़ा के संत समागम मेंला में मुख्यमंत्री साय ने दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा करने घोषणा की। कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में आयोजित सदुरु कबीर संत समागम माघ मेंला में मुख्यमंत्री साय शामिल हुए एवं पंथ प्रकाश मुनि नाम साहेब का आशिर्वाद लिया।

संत समागम मेंला में पंथ प्रकाश मुनि नाम साहेब ने हजारों की संख्या में एकत्र हुए कबीर पंथियों के विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय का कबीरपंथी समाज की ओर से आत्मीय स्वागत किया। पंथ प्रकाश मुनि नाम साहेब ने इस मेले का महत्व एवं कबीर पंथ के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया की 120 सालों से इस मेले का आयोजन देश के विभिन्न स्थानों से हो रहा है। जहां धर्म गुरु द्वारा गुरु गद्दी की स्थापना की गयी। पंथ ने बताया कि गत वर्ष के मेला में पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल द्वारा घोषणा की गयी थी कि दामाखेड़ा से 10 किलोमीटर के एयर रेडियस में किसी भी प्रकार के उद्योगो की स्थापना नहीं किया जाएगा। फिर भी समीप के चंदेरी, कामता, एवं पौंसरी ग्राम में स्पंज आयरन जैसे उद्योगों की स्थापना हो रही है। प्रकाशमुनि साहेब ने मुख्यमंत्री साय से उक्त उद्योगों की स्थापना पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही शासकीय दस्तावेज में दामाखेड़ा का नाम संशोधित कर कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा करने की मांग की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बचपन से ही मुझे कबीर पंथ के गुरूओं का सानिध्य मिलता रहा है। बचपन से ही मेरा जुड़ाव कबीर पंथ से रहा है और चौका आरती में शामिल होते रहे है। मेरे गृह ग्राम बगिया में कबीर पंथ के मुनियों के पदार्पण हुआ है जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इसके साथ ही मेरे विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी क्षेत्र में भी कबीर पंथियों की बड़ी संख्या है। जहां भी कबीर पंथ का





मेला लगता है वहां हमारे गांव के आस पास के लोग जरूर पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि एक छोटे से गांव के किसान के बेटे को आप लोगों ने मुख्यमंत्री का बड़ा दायित्व दिया है। इस चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी पर खरा उतरने में लिए आप सबका सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहे। जिस प्रकार से मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया है उसे आगे भी कायम रखते हुए सेवा का अवसर देते रहेंगे। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने पंथ की मांग पर दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा करने की घोषणा किया। साथ ही पूर्व में स्वीकृत 22 करोड़ रूपये से अधिक लागत से बनने वाले कबीर सागर के निर्माण कार्य मे तेजी लाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। मुख्यमंत्री साय ने दामाखेड़ा से 10 किलोमीटर परिधि में कोई नया औद्योगिक प्रतिष्ठान शुरू न हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही। समारोह में मुख्यमंत्री ने पंथ हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहेब का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ की तरक्की और खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। इस संत समागम मेंला में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने केवल 2 माह में ही लंबे समय से रुके बड़े बड़े काम को पूरा किया है। इस अवधि में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, महतारी वंदन योजना तथा युवाओं की मांग पर पीएससी परीक्षा में हुए गड़बड़ी की सीबीआई जांच जैसे बड़े काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विकास कार्य के लिए प्रतिबद्ध है और निरन्तर बड़े बड़े काम होते रहेंगे। उन्होंने आगें कहा कि दामाखेड़ा कबीरपंथियों की आस्था का एक प्रमुख केन्द्र है। राज्य सरकार यहां के प्राचीन तालाब सहित संपूर्ण दामाखेड़ा के विकास के लिए वचनबद्ध है। ताकि यहां दर्शन के लिए आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालु दामाखेड़ा की मधुर स्मृति लेकर वापस लौटेंगे। समारोह को कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर वंशाचार्य उदित मुनि साहेब, गुरूगोसांई भानुप्रताप साहब, दामाखेड़ा के पूर्व सरपंच कमलेश साहू, सांसद सुनील सोनी, प्रमोद मिंज विधायक, इंद्र साव विधायक, लक्ष्मी वर्मा, अनिल पांडेय दामाखेड़ा के पूर्व सरपंच कमलेश साहू, आनंद यादव, चंद्रमणी तिवारी, केजू बघेल, गोलू अवस्थी, कलेक्टर चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, डीएफओ मयंक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन अपर कलेक्टर बीसी एक्का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, सहित जनप्रतिनिधि गण एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

# कैप्सूल वाहन की चपेट से महिला की मौत

## सड़क दुर्घटना के बाद में छतौद के ग्रामीणों ने थाना में किया हंगामा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 24 फरवरी।** अपर बैंड -तिल्दा नेवरा थाना के ग्राम ताराशिव हाई स्कुल के पास एक कैप्सूल वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसकी चपेट में आने से ग्रामीण महिला की दर्दनाक मौत हो गई। तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ताराशिव में सुबहलगभग 4 और 5:00 बजे के आसपास एक भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें एक ग्रामीण महिला की कैप्सूल वाहन में दबाकर दर्दनाक मौत हो गई बताया जाता है की ग्राम ताराशिव के किशुन यादव की पत्नी श्रीमती लखेश्वरी यादव उम्र 40 वर्ष सुबह गोबर लेने गई थी वहीं एक कैप्सूल वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जिसकी चपेट म सड़क के किनारे खड़ी महिला की दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद ड्राइवर फरार हो गया है ग्रामीण मुवावजा और स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर चक्का जाम कर सड़क में बैठ कर धरना दे रहे है जिसमे गांव की महिला, पुरुष और स्कूली बच्चे शामिल है, ग्रामीणों का कहना है की कुछ वर्ष पूर्व ऐसी ही एक दुर्घटना में तेज रफ़्तार ट्रक की चपेट में आने से एक स्कूली छात्रा







की मौत हो चुकी है उस समय भी स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग प्रशासन से किया गया था जो आज तक पूरा नहीं किया गया जिसका दुष्परिणाम आज देखने को मिला है मौके पर तिल्दा थाना प्रभारी मुकेश शर्मा दल बल सहित स्थिति को नियंत्रण करने में लगे है तहसीलदार ज्योति मशीयरे और नायब तहसीलदार घटना स्थल पर मौजूद हैं।

---

# बांस टाल के रूरहा स्कूल में न्योता भोज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 24 फरवरी।** रूरहा राम वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवरा क्रमांक 1 एवं शासकीय प्राथमिक शाला तिल्दा बांस टाल में न्योता भोज का आयोजन किया गया स्कूल में नेवता भोज श्रीमती संध्या/योगेंद्र कुमार वर्मा द्वारा खीर पुरी व रश्मि किरण नायक शिक्षक के द्वारा फल का वितरण किया गया नेवता भोज में भाजपा महामंत्री सौरभ जैन भाजपा सदस्य सुरेश लेखवानी, ईश्वर यदु मंडल अध्यक्ष, गौरव अग्रवाल, सुधांशु शर्मा भाजपा सदस्य, बी ई ओ जाहिरे सर बीआरसीसी शर्मा सर बीएनबी प्रभारी प्राचार्य जेहोआश सर, चुरामन निषाद व्याख्याता, सीएसी नरोत्तम ध्रुव सीएसी संतोष वर्मा, सेन बाबू विशेष रूप से आमंत्रित रहे प्रधान पाठक



विनोद वर्मा द्वारा नेवता भोज के कार्यक्रम व उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई व नेवता भोज के आयोजक योगेंद्र कुमार वर्मा को मेमोंटो व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में भागीरथी पांसे प्रधान पाठक, संगीता रानी जेहोआश, लक्ष्मी देवी वर्मा, सविता वर्मा, रश्मि किरण नायक, रूपाली शर्मा उमा निषाद, संजय वर्मा, लेख राम सोनी व मध्यान भोजन संचालित समूह का विशेष योगदान रहा।

### 32 पाव देशी शराब के साथ आरोपी पकड़ाया

**बलौदाबाजार, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 14 फरवरी को जरिये मुखबिर सूचना पर ग्राम पडकीडीह में आरोपी रामलाल प्रजापति निवासी पडकीडीह के घर के सामने शराब रेड कार्यवाही की गई जंहा आरोपी के कब्जे से 32 पाव देशी मदिरा मशाला शराब मात्रा 5.760 बल्क लीटर कीमती 3520 रुपये बिक्री हेतु रखा पाए जाने से शराब को जप्त कर आरोपी रामलाल प्रजापति पिता सुगरीव प्रजापति उम्र 65 वर्ष साकिन पडकीडीह थाना सुहेला के विरुद्ध अपराध क्रमांक 65/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा, सउनि माधो प्रसाद साहू, प्रआर समीर शुक्ला, आरक्षक दिनेश चंद्रवंशी, करणसाय पैकरा का विशेष योगदान रहा।

---

## समाचार संक्षेप

### 7 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अभियान सृजन के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी केसर पराग के निर्देशन में थाना लवन पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 22 फरवरी को थाना लवन से प्र.आर. धनंजय यादव, आर. रूपेश साहू, अजय बंजारे की पुलिस टीम द्वारा ग्राम सरखोर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 1400 किया गया जप्त किया गया है आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में अपराध क्र. 115/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### चिखली में शराब की अवैध बिक्री करने वाला कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं अनुज कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अनुविभागीय अधिकारी पुलिस) बलौदा बाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी सुसन्ता लकड़ा एवम निरीक्षक मंजूलता राठौर के निर्देशन में पुलिस चौंकी सोनाखान द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 22 फरवरी को चौकी सोनाखान के सउनि राजेन्द्र पाटिल (चौकी प्रभारी सोनाखान), प्रआर 68 महेंद्र जोगी आर क्र 474, 367, 905 पुलिस टीम द्वारा ग्राम चिखली में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 शराब कोचिया से 28 लीटर महुआ शराब कीमती 5600 रूपये जप्त कर आरोपी के विरुद्ध चौकी सोनाखान थाना कसडोल में अपराध क्र. 89/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### अंतरविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर, 24 फरवरी।** बृजलाल गोयल जी के दृष्टिकोण को मूर्तरूप देने के लिए संभव स्पंज पॉवर प्रा.लि. के अंतर्गत आने वाले सारे ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के बीच संभव स्पोर्ट्स फेस्ट के नाम से अंतरविद्यालयीन खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमे तिल्दा - सिमगा तहसील के ग्राम सरोरा, ओटगन, परसदा, भूरसुदा, बिलाड़ी एवं बिनैका के 14 विद्यालायों नें हिस्सा लिया एवं सरोरा विद्यालय ने सबसे अधिक पदक जीतकर संभव चक्र पर विजय प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर खेलकुद के प्रति रुझान बढ़ाना था, इसी दिशा में प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए संभव स्पंज पावर प्रा.लि. ने अपने अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों को स्पोर्ट्स कीट भी उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम का सम्पूर्ण आयोजन संभव स्पंज पॉवर प्रा.लि. के द्वारा किया गया हैं। इस आयोजन में शीतल गोयल मार्केटिंग डायरेक्टर, संभव, राकेश ठाकुर उपसरपंच सरोरा, अनिल वर्मा प्राचार्य, हाई स्कूल सरोरा, अनिल साहू प्राचार्य, पूर्व माध्यमिक शाला सरोरा, संतोषी सोनवान प्राचार्या, प्रा.शाला भाठापारा सरोरा, संतोष नेताम प्राचार्य, प्रा.शाला गोसदन सरोरा, पीलाराम ध्रुव प्राचार्य, प्रा. शाला बुंदेली सरोरा, टी.एस. बंछोर व्याख्याता, हाई स्कूल सरोरा, पेमेश साहू प्राचार्य, पूर्व माध्यमिक शाला ओटगन, उम्मेन अंसारी प्राचार्या, पूर्व माध्यमिक शाला परसदा, विद्या मसीह प्राचार्या, पूर्व माध्यमिक शाला भूरसुदा, राजकुमारी मात्रे प्राचार्या, पूर्व माध्यमिक शाला बिलाड़ी, प्रणीता वर्मा प्राचार्या, प्रा.शाला बिनैका सम्मिलित हुए। संभव स्पंज पावर प्रा.लि. के ओर से श्री एम.जी.के. मूर्ति, धर्मेश वैश्य, सुतनु गोस्वामी, चिरंजित रॉय, राजकुमार निषाद, विनोद शर्मा, अमित शर्मा, सुचिता जैन, हिमाचल वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, मनोज साहू उपस्थित थे।

---

नई फसल की कटाई के बाद सुख-शांति व समृद्धि के लिए पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाई गई जात्रा

# कोकोड़ी जात्रा में 54 गांवों के देवी-देवता हुए शामिल






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 24 फरवरी।** नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के कोकोडी के राजटेका राजेशवरी माता मंदिर में वर्षो पुरानी जात्रा की रस्म प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पारम्परिक रीती-रिवाजो के साथ अदा की गई।

करगाल परगना के कोकोड़ी जात्रा में 54 गाँवों के देवी देवता शामिल होकर तीन दिनों तक ढोल नगाड़ा की धुन पर नाच-गाकर करगाल परगना की देवी राजटेका राजेशवरी माता की पूजा अर्चना कर माता को प्रसन्न करने की कोशिश करते है। कोकोड़ी जात्रा के बाद ही विश्व प्रसिद्ध मावली मेला नारायणपुर के लिए माता की अनुमति मिलती है। इस जात्रा में बड़ी सख्या में महिला पुरुष और बुजुर्ग ग्रामीण शामिल होकर पूजा अर्चना करते है। घोर नक्सल प्रभवित नारायणपुर जिले के कोकोड़ी में वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वहन आज भी ग्रामीण नक्सली दहशत को दर्किनार कर बिना सुरक्षा व्यवस्था से बड़ी धूमधाम से मना रहे है जो कि इस इलाके की लुप्त होती सभ्यता और पारम्परिक रीती-रिवाजो को कही ना कही बचाने में अहम कड़ी साबित होगी।

जगन्नाथ यादव ने बताया कि नारायणपुर जिले में फसल कटाई के बाद सुख समृधि के लिए वर्षो से चली आ रही करगाल परगना कोकोडी जात्रा पर्व मनाया जाता है। इस जात्रा पर्व के बाद ही यहाँ के तीज त्योहारों और मेलो की शुरुवात हो जाती है। विश्व प्रसिद्ध मावली मेला के पहले ग्राम कोकोडी में माँ राजटेका राजेशवरी के मंदिर में तीन दिनों तक ढोल नगाडो की धुन पर नाच गाकर माता की पूजा अर्चना कर जात्रा धूमधाम से मनाया जाता है। इस जात्रा में लगभग चालीस गाँवों के लोग पहले ही दिन से बड़ी संख्या में पहुचने लगते है और जात्रा में शामिल होकर माता से अपनी मन्नत मांगते है। माता मावली मेला के पहले कोकोडी के राजटेका राजेशवरी माता मंदिर में वर्षो पुरानी जात्रा की रस्म प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अदा की गई। 3 दिवसीय कोकोड़ी जात्रा पर्व में 54 गाँवों के देवी देवता प्रथम दिन पहुच जाते है और रात भर देवी=देवताओं की सेवा ढोल नगाडो को बजाकर रेला-रेली गाते हुए नाचकर की जाती है और अगले दिन माता की पूजा अर्चना पुरे रीति रिवाजो के साथ की जाती है। पूरा दिन ढोल नगाडो की गूंज पुरे माहौल को भक्तिपूर्ण बना देती है। दूर दराज से आये महिला पुरुष नाच गाकर माता की पूजा अर्चना करते है और अंतिम दिवस को सभी देवी देवताओं की विदाई की जाती है। जिले में फसल कटाई के बाद जात्रा पर्व सुख समृधि और शान्ति के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

दीपेंद्र ने कहा कि कोकोड़ी जात्रा पर्व वर्षो पुराना पर्व है जिसे यहाँ के लोग आज भी पुरे विधि-विधान से मनाते आ रहे। यहाँ लगभग 54 गाँवों के देवी-देवता जात्रा में शामिल होकर ढोल नगाडो की थाप पर नाचते गाते माता की पूजा अर्चना कर माता को प्रसन्न करते है। जात्रा पर्व के बहाने एक दुसरे से मिलने का वक्त भी ग्रामीणों को मिल जाता है और एक दुसरे की खुशी गम मिलकर बाँट भी लेते है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26